

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 19 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-319 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 20 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## घाटे में राज्य, फिर क्यों बांट रहे मुफ्त की रेवड़ियां: सुको

**फ्री बीज देश के आर्थिक विकास में बाधा**

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली 'मुफ्त योजनाओं' पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे देश के आर्थिक विकास में बाधक बताया है। न्यायालय ने कहा कि राज्यों को मुफ्त उपहारों के बजाय बेरोजगारी योजनाओं जैसी नियोजित कल्याणकारी नीतियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो सार्वजनिक वित्त को नुकसान पहुंचाए बिना जीवन स्तर में सुधार करें। गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों के राजनीतिक दलों द्वारा "मुफ्त योजनाओं" के वितरण की कड़ी आलोचना की और सार्वजनिक वित्त पर इसके प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने कहा कि राजनीतिक दलों को मुफ्त योजनाओं के माध्यम से संसाधन वितरित करने के बजाय, ऐसी सुनियोजित नीतियां बनानी चाहिए जो लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाली योजनाएं पेश करें, जैसे कि बेरोजगारी योजनाएं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि इस तरह के फिजूलखर्ची से देश का आर्थिक विकास बाधित होगा। हां, संसाधन उपलब्ध कराना राज्य का कर्तव्य है, लेकिन जो लोग मुफ्त



योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं... क्या इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है? मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि राज्य घाटे में चल रहे हैं, फिर भी मुफ्त योजनाएं दे रहे हैं। देखिए, आप एक वर्ष में जो राजस्व एकत्र करते हैं, उसका 25 प्रतिशत राज्य के विकास के लिए क्यों नहीं इस्तेमाल किया जा सकता? न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के सभी राज्यों से संबंधित है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने कहा कि हम किसी एक राज्य की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि सभी राज्यों की बात कर रहे हैं। यह नियोजित व्यय है। आप बजट प्रस्ताव क्यों नहीं पेश करते और यह औचित्य क्यों नहीं देते कि यह बेरोजगारी पर मेरा व्यय है? कभी मात्र चुनावी वादे माने जाने वाले मुफ्त पैकेज अब भारत में चुनाव जीतने की एक महत्वपूर्ण रणनीति बन गए हैं।



इक्विटास इन्वेस्टमेंट्स की एक रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर मुफ्त पैकेजों का सहारा लेकर वोट हासिल करने के लिए तेजी से निर्भर हो रहे हैं, अक्सर राज्य के वित्त पर बोझ डालकर। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे-जैसे राजनीतिक दल एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, कल्याणकारी योजनाएं और 'मुफ्त पैकेज' महज चुनावी वादों से राजनीतिक सत्ता की नई मुद्रा बन गए हैं।

## भगवान बचाए..., याचिका देखते ही बोल पड़े सीजेआई

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत एक याचिका देखकर भड़क गए। उन्होंने यह तक कह दिया कि याचिकाओं के कानून को भगवान बचाए। इतना ही नहीं उन्होंने याचिकाकर्ता को भी जमकर फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को रद्द कर दिया। साथ ही इसकी वजहें भी गिनाईं हैं।बार एंड बेंच के अनुसार, सीजेआई सूर्यकांत ने पीआईएल यानी जनहित याचिका को सुनने से मना कर दिया। अदालत ने इसकी वजह याचिका का अस्पष्ट होना बताया है। सीजेआई ने कहा, 'अगर भारत के शीर्ष न्यायालय के सामने याचिकाओं का ऐसा स्तर है, तो भगवान याचिका के कानून को बचाए।' सुप्रीम कोर्ट ने एआई से याचिकाएं लिखने की आदत पर चिंता जाहिर की थी। पीठ शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, 'हम यह देखकर परेशान हैं कि कुछ वकीलों ने याचिकाओं का मसौदा तैयार करने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह बिल्कुल अनुचित है।' जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि उन्हें हाल में 'मर्सी बनाम मैनकाइंड' नाम का एक ऐसा केस मिला जो अस्तित्व में है ही नहीं। प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे ही एक मामले का जिक्र किया और कहा कि जस्टिस दीपांकर दत्ता की अदालत में, 'एक नहीं बल्कि ऐसे कई फैसलों का हवाला दिया गया था।'न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि कई बार, जिन फैसलों का जिक्र किया जाता है वे सही होते हैं, लेकिन उन फैसलों के साथ फर्जी उद्धरण जोड़ दिए जाते हैं और इससे उनकी विषयवस्तु का सत्यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।'न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, 'इससे न्यायाधीशों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।' इस बीच, न्यायमूर्ति बागची ने विधिक मसौदा तैयार करने की कला में गिरावट पर दुख जताया और कहा कि कई विशेष अनुमति याचिकाओं में ज्यादातर पिछले फैसलों के लंबे उद्धरण होते हैं, जिनमें कानूनी आधारों की मौलिक जानकारी बहुत कम होती है।

## एआई का लोकतंत्रीकरण करना होगा: नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एक वैश्विक एआई शिखर



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और समाज पर इसके प्रभाव के लिए एक "मानव विजन" प्रस्तुत किया।

**उनके भाषण के अनुसार, "मानव" का अर्थ है:**

**M:** नैतिक और आचार प्रणाली
**A:** जवाबदेह शासन
**N:** राष्ट्रीय संप्रभुता
**A:** सुलभ और समावेशी
**V:** वैध और न्यायसंगत

अपने भाषण के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें एआई का लोकतंत्रीकरण करना होगा। इसे समावेशन और सशक्तिकरण का माध्यम बनाना चाहिए, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए। 16 से 20 फरवरी तक आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने और साझा विकास के नए रास्ते खोलने के लिए एआई का उपयोग करना है। पांच दिवसीय यह आयोजन तीन प्रमुख स्तंभों, या 'सूत्रों' पर आधारित है: लोग, ग्रह और प्रगति। भारतीय स्टार्टअप ने एआई इंपेक्ट समिट में दुनिया के पहले एआई सिटी बनाने की घोषणा की है। यह एआई सिटी बेंगलुरु में बनाई जाएगी, जिसमें एआई एजेंट्स को रीयल लाइफ वातावरण में टेस्ट किया जाएगा। इंडिया एआई इंपेक्ट समिटमें बेंगलुरु बेस्ड एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी भारत एआई ने दुनिया के पहले एआई सिटी की घोषणा की है। यह एआई सिटी कर्नाटक की राजधानी और भारत के सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु में बनाया जाएगा।

## कुत्ते को लेकर महुआ मोइत्रा व उसके प्रेमी में कानूनी विवाद

**नई दिल्ली,19फरवरी।** तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा और उनके पूर्व प्रेमी जय अनंत देहाद्रई के बीच कानूनी लड़ाई अब उनके पालतू कुत्ते 'हेनरी' (रॉटवीलर नस्ल) की कस्टडी तक पहुंच गई है। महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने साकेत कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसने उन्हें उनके पालतू कुत्ते हेनरी की अंतरिम कस्टडी देने से इनकार कर दिया था।

गुरुवार को जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने महुआ के पूर्व प्रेमी और वकील जय अनंत देहाद्रई को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को तय की गई है। सुनवाई के दौरान देहाद्रई व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और उन्होंने तर्क दिया कि मोइत्रा की इस याचिका को शुरुआत में ही खारिज कर दिया जाना चाहिए। यह पालतू कुत्ते का विवाद दोनों के बीच चल रही एक बड़ी कानूनी और राजनीतिक जंग का हिस्सा है।

## भारत ने वो कर दिखाया जो कोई और ना कर सका: मैक्रों

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में मैक्रों ने भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की जमकर तारीफ की। मुंबई के स्ट्रीट वेंडर से लेकर 20 अरब यूपीआई लेनदेन तक, जानें कैसे मैक्रों ने भारत को एआई और डिजिटल क्रांति का नया वैश्विक चेहरा बताया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भारत की डिजिटल क्रांति और समावेशी विकास की जमकर तारीफ की। गुरुवार सुबह शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मैक्रों ने अपने भाषण की शुरुआत 'नमस्ते' के साथ की और अंत 'जय हो' के साथ किया। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई दूसरा देश नहीं कर सका। मैक्रों ने मुंबई के एक सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी लगाने वाले विक्रेता का उदाहरण देते हुए कहा कि यह केवल तकनीक की सफलता नहीं, बल्कि एक 'सभ्यता की कहानी' है। उन्होंने कहा- 10 साल पहले मुंबई के एक स्ट्रीट वेंडर के पास न बैंक खाता था, न पता और न ही कोई दस्तावेज।



लेकिन आज वही विक्रेता अपने फोन पर डिजिटल पेमेंट स्वीकार करता है। यह बदलाव अद्भुत है।" मैक्रों ने भारत के 'इंडिया स्टैक' की ताकत का जिक्र करते हुए कुछ बड़े आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों के लिए डिजिटल पहचान (आधार) सुनिश्चित हुई है। मैक्रों भारत के यूपीआई सिस्टम के मुरीद दिखे। यूपीआई की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने हर महीने 20 अरब से अधिक लेनदेन करने वाला भुगतान तंत्र तैयार किया है। इसके अलावा, 50 करोड़ से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी जारी किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने दुनिया के उस भ्रम को तोड़ दिया है कि इतने बड़े देश को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ना असंभव है। मैक्रों ने इस बात पर जोर दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल बड़े तकनीकी दिग्गजों या अमीर देशों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भविष्य उन लोगों का है जो तकनीक को मानवता और जिम्मेदारी के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस एक ऐसी 'सॉवरेन एआई' के विजन को साझा करते हैं जो ग्रह की रक्षा करे और सभी की समृद्धि को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि चर्चा को 'चलो और अधिक करें' से बदलकर 'चलो मिलकर बेहतर करें' पर ले जाने की जरूरत है। पिछले साल पेरिस में इसे 'ऐक्शन' कहा गया था, इस साल दिल्ली में इसे 'इम्पैक्ट' कहा जा रहा है, लेकिन इसका असली नाम 'एआई टुगेदर' है।

## मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर

**बीजापुर,19 फरवरी।** कर्रेगुट्टा क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन "ब्लैक फॉरेस्ट-2" के दौरान आज एक बड़ी मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए है। यह कार्रवाई जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान, सर्च ऑपरेशन और एरिया डोमिनेशन के तहत की गई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को इस सफलता की सूचना दे दी गई है। सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च और सैनिटाइजेशन अभियान जारी रखा है। मुठभेड़ के दौरान और बरामदगी से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी प्रतीक्षित है। यह कार्रवाई क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे लगातार अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है और स्थानीय सुरक्षा बलों की तत्परता और तैयारियों को दर्शाती है।

## डिजिटल अरेस्ट कर 36.97 लाख रुपए की ठगी

**रायगढ़,19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में साइबर अपराध का एक चौंकाने वाला और बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जिसने एक बार फिर डिजिटल अरेस्ट जैसे फर्जी हथकंडों की खतरनाक हकीकत उजागर कर दी है। अज्ञात साइबर ठगों ने खुद को टेलीकॉम, पुलिस और CBI अफसर बताकर कानून की कार्रवाई और गिरफ्तारी का भय पैदा किया तथा उसी डर का फायदा उठाते हुए विद्युत विभाग के एक सेवानिवृत्त परिवेक्षक से 36,97,117 रुपए की रकम ठग ली।

**इस तरह रची गई ठगी की साजिश**-पीड़ित ने बताया कि, वह जनवरी 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परेषण कंपनी से परिवेक्षक (Supervisor) पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। 14 जनवरी 2026 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात महिला का कॉल आया, जिसने स्वयं को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) से संबंधित बताया। कॉलर ने कहा कि, उनके पहचान पत्र का उपयोग कर जियो कंपनी का एक मोबाइल नंबर लिया गया है, जिसका उपयोग अवैध गतिविधियों में किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को कथित टेलीकॉम अधिकारी और दिल्ली के बारह खंभा रोड पुलिस स्टेशन के फर्जी अधिकारी से जोड़ दिया गया। ठगों ने पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी दी।

**वीडियो कॉल पर फर्जी IPS अधिकारी**-कुछ देर बाद एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो कॉल कर स्वयं को IPS अफसर नीरज ठाकुर बताया। उसने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाते हुए कहा कि, पीड़ित के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज है और जांच में सहयोग करना होगा। ठगों ने बैंक खातों, संपत्ति और अन्य वित्तीय जानकारी हासिल कर यह कहकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवाई कि, जांच पूरी होने के बाद पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। डर और दबाव में आकर पीड़ित ने 30 जनवरी से 11 फरवरी 2026 के बीच कुल 36,97,117 रुपए विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए।

**शिकायत पर मामला दर्ज**-परिजनों को जानकारी मिलने पर ठगी का खुलासा हुआ। 17 फरवरी 2026 को पीड़ित ने साइबर थाना रायगढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तत्काल कार्रवाई करते हुए लगभग 2 लाख रुपए होल्ड कराए गए हैं। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर खान ने बताया कि, यदि शिकायत समय पर की जाती तो अधिक राशि होल्ड कराई जा सकती थी। फिलहाल बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत जांच जारी है।

**SSP ने की आमजन से अपील**-रायगढ़ SSP शशि मोहन सिंह ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि, पुलिस CBI, ED या किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा कभी भी वीडियो कॉल, वीडियो कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट नहीं किया जाता और न ही जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने के निर्देश दिए जाते हैं, इस प्रकार के कॉल पूरी तरह साइबर ठगी का हिस्सा होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि, किसी भी अनजान कॉल पर अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें और तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

## शारीरिक शोषण का आरोपी डिप्टी कलेक्टर निलंबित

**बालोद,19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके को महिला आरक्षक द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया है। मामला कुछ माह पहले बालोद जिले के डौंडी थाना में दर्ज हुआ था, जिसमें महिला आरक्षक ने दिलीप उइके पर शादी का झांसा देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने, जबरदस्ती गर्भपात करवाने और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया था।

महिला आरक्षक ने इसके अलावा छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को आवेदन कर 12 बिंदुओं में शिकायत की है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा डिप्टी कलेक्टर को संरक्षण देते हुए फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए और नियम के विरुद्ध अवकाश स्वीकृत किए गए। शिकायत के साथ महिला ने सभी सह प्रमाणिक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए।

महिला आरक्षक ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2017 में वह डौंडी स्थित आईटीआईमें पढ़ाई कर रही थी। उसी दौरान दिलीप उइके से उनकी बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। दिलीप ने शादी का वादा किया और महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू किया। महिला ने कहा कि मार्च 2017 में पहली बार गर्भवती होने पर जब उसने दिलीप को बताया, तो उन्होंने पढ़ाई पूरी करने और नौकरी पाने तक शादी को टालने का झांसा दिया। इसके बाद महिला से जबरदस्ती दवा देकर गर्भपात करवाया गया।अगस्त 2017 में महिला की पुलिस विभाग में नौकरी लग गई। महिला ने बताया कि अपने भविष्य में दिलीप के साथ शादी की आशा में उसने उसकी पढ़ाई, कोचिंग और अन्य खर्चों के लिए हर माह 4-5 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर किए।

पीएससी परीक्षा में सफल होने के बाद वर्ष 2020 में दिलीप डिप्टी कलेक्टर बने और बीजापुर में पोस्टिंग हुई। नौकरी लगने के बाद जब महिला ने शादी के लिए कड़ा रुख अपनाया, तो उसने महिला को झांसा दिया कि "अभी नौकरी लगी है, अच्छे से सैटल हो जाऊं, फिर शादी करूंगा।

## आदिवासी छात्र की मौत से भड़के ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम

**गरियाबंद,19फरवरी।** आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा के छात्र की समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण पिछले दिनो दर्दनाक मौत हो गई इस घटना को लेकर



आदिवासी समाज के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और लापरवाह आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा राशि की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर नेशनल हाइवे 130 सी पर आज गुरुवार को सुबह 8:00 बजे से चक्काजाम शुरू कर दिए हैं

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, नैनसिंह नेताम, महनसिंह, फडिन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, खेदु नेगी, टीकम कपिल ,गेन्दू यादव,नेहाल नेताम प्रियंका कपिल, सोहन नागेश, तनवीर ठाकुर, डोमार साहू, किशोर नेताम, अर्जुन नायक,गज्जू नेगी, भुवनेश्वर ध्रुव, विष्णु नेताम, सुखचंद यादव, मंशाराम ध्रुव ने बताया आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल बर्खास्त किया जाये और उन पर एफआईआर दर्ज किया जाये। पीड़ित परिवार को 1 करोड़ मुआवजा राशि दिया जाये, मंडल संयोजक पर भी कार्यवाही किया जाये, चक्काजाम के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया है,

**फीफा का फुटबाल फॉर स्कूल्स के अंतर्गत फुटबाल भेंट करना ...**

## खेल को जन-जन तक पहुंचाने का अभिनव प्रयास

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सारे संसार में आबादी की दृष्टि से फुटबॉल सर्वाधिक पसंदीदा खेल है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भले ही दुनिया के देशों की संख्या 193 माना जाता है जिसमें वेटिकन सिटी और फलिस्तीन शामिल नहीं है। दूसरी तरफ खोजी लोगों के अनुसार विश्व में देशों की संख्या करीब 237 हो गई है। फुटबाल के अधिकृत प्रचार-प्रसार, संरक्षण, प्रतियोगिता कराने के लिए फीफा याने फेडरेशन डी फुटबाल एसोसिएशन जिम्मेदार है। फीफा आज जगत भर में किसी भी खेल की सबसे बड़ी और धनवान संस्था है। फीफा के अंतर्गत 211 देशों तथा इकाइयों को मान्यता दी गई है। इस खेल संघ के द्वारा पूरी दुनिया में फुटबाल को निरंतर खेला जाने वाला खेल माना जाता है इसके लिए फीफा द्वारा विभिन्न देशों और मान्यता प्राप्त इकाइयों में फुटबाल खेल के प्रशिक्षित खिलाड़ी तैयार करने में मदद की जाती है। साथ ही कोचिंग सेंटर को सुविधाओं से सुसज्जित किया जाता है। इस तरह की सुविधा अन्य किसी विश्व स्तरीय खेल संगठन द्वारा उपलब्ध कराये जाने की जानकारी नहीं है। यही वजह है कि आज फुटबाल खेल को संसार की 90 प्रतिशत से आधिक आबादी जानती है।

फीफा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरुष विश्वकप, महिला विश्वकप, फीफा क्लब विश्वकप, 17 वर्ष से 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवक व युवती वर्ल्डकप, फीफा फुटसल विश्वकप और फीफा बीच साकर वर्ल्ड कप का आयोजन नियमित रूप से कुछ न कुछ अंतराल में आयोजन करता है। एक तो विश्व प्रसिद्ध चैंपियनशिप और उनको देखने वाले फुटबॉल प्रेमी दर्शक ,तरह-तरह के विश्व स्तरीय स्पर्धा के आयोजन के माध्यम से बड़ी राशि फीफा को प्राप्त होती है। 2019 से 2022 की अवधि में कतर विश्वकप आयोजन हुआ था फीफा ने कुल मिलाकर लगभग 637.5 अरब रुपये का राजस्व अर्जित किया। इतनी बड़ी राशि की प्राप्ति के बाद फीफा उसे सिर्फ खजाने में भरकर नहीं रखता है वह इस धन से विभिन्न राष्ट्रों में या मान्यता प्राप्त इकाइयों में प्रतियोगिता के आयोजन, विकास परियोजनाओं के लिए सुविधा देता है। इसी तारतम्य में फीफा की नजर भारत ओर है। फीफा भारत के खेल प्रेमियों से अपने उपरोक्त 9 चैंपियनशिप के टिकिट बिक्री तथा विभिन्न उत्पादों के विज्ञापन के माध्यम से बड़ी राशि में धन प्राप्त करता है अतः वह भारत में फुटबाल के अपार संभावना को देखते हुए एफ 4 एस अर्थात फुटबाल फार स्कूल्स आरंभ किया है। यह भारत के फुटबाल के भविष्य के लिए बहुत ही लाभप्रद है। भारत के शिक्षा मंत्रालय, अखिल भारतीय फुटबाल संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण नईदिल्ली के संयुक्त तत्वावधान के साथ हमारे देश की शालाओं में 4 से 14 आयु वर्ग के तथा विभिन्न देशों के करीब 7 अरब लड़के व लड़कियों को फुटबाल उपलब्ध कराने के निश्चय में यूनेस्को भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत भारत में नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय , केंद्रीय स्कूल संगठन आदि मिलकर 10 लाख एडिडास फुटबॉल को भारत के 789 जिलों में वितरित करने की चुनौती दी गई है .फरवरी 2026 में भारत के 244 जिलों में 2.53 लाख फुटबाल बाटे गए हैं। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 से प्रयासरत हैं ऐसी स्थिति में भारत के बच्चों, किशोरों, युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे मुफ्त में मिलने वाली फुटबाल को 04 से 14 वर्ष के बच्चों के बीच बांटकर इस खेल के प्रति जन्मजात लगाव पैदा करें। आज फुटबाल में भारत की रेंकिंग विश्व 211 देशों में पुरुष में 141वीं जबकि महिलाओं में 119 में 67वीं है। फुटबाल कम खर्च में आसानी से किसी भी मौसम में खुले आसमान के नीचे खेला जा सकता है। 1956 के मेलबोर्न ओलंपिक में भारतीय पुरुष टीम चौथे नंबर पर थी आज उसकी स्थिति दयनीय है। अतः फीफा की स्कूल के लिए फुटबाल कार्यक्रम का उठाना चाहिए। और इस बात पर नजर रखना चाहिए जो फुटबॉल मुफ्त में वितरित किया जा रहा है वह वास्तव में ठीक स्थान पर पहुंच सके .

# पीपरछेड़ी में शासकीय जमीन सीमांकन का ग्रामीणों ने विरोध किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 फरवरी।** समीपस्थ ग्राम पीपरछेड़ी में शासकीय भूमि के सीमांकन को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार, पटवारी हल्का नंबर 22, खसरा नंबर 03 की लगभग 7.50 एकड़ भूमि पुलिस विभाग छत्तीसगढ़ शासन के एसटीएफ बघेरा दुर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए आबंटित की गई है। प्रस्तावित भूमि का सीमांकन किया जाना था, किंतु ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए गांव की ओर स्थित भूमि को श्मशान घाट, चरागाह एवं ग्राम के विभिन्न आयोजनों तथा बच्चों के खेलकूद के लिए सुरक्षित रखने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में श्मशान घाट एवं चारागाह के लिए अन्य कोई भूमि उपलब्ध नहीं है। यदि उक्त जमीन आवास निर्माण के लिए दे दी जाती है तो भविष्य में गांव में किसी भी शासकीय योजना अथवा भवन निर्माण के लिए भूमि शेष नहीं बचेगी। हालांकि ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे के उस पार स्थित भूमि के सीमांकन पर आपत्ति नहीं जताई। राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक राकेश वर्मा, ओमकार देशमुख, पटवारी हेमंत बंजारे, एसटीएफ अधिकारियों एवं थाना पुलगांव प्रभारी की उपस्थिति में हाईवे पार की भूमि का सीमांकन कर चिन्हांकन किया गया। गांव की ओर स्थित भूमि के सीमांकन का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन जारी रखा। विरोध प्रदर्शन में सरपंच ललिता निषाद, सरपंच पति महेश निषाद, उप सरपंच अनीता बाई, जनपद सदस्य राजन ठाकुर, ग्राम रसमड़ा के सरपंच युगल किशोर साहू सहित लगभग 100 से 120 महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू भी मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों से चर्चा की। वार्तालाप के बाद ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए सीमांकन की कार्रवाई फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

## डिप्टी कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं

**दुर्ग, 19 फरवरी।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### नारायणपुर में 8 मार्च से होने वाले यज्ञ के लिए बैठक में की गई चर्चा



**उतई,19 फरवरी (तछसं.)।** क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर (घुघुवा क) में पूर्व वर्षों की भांति नौवें वर्ष में 8 मार्च से 16 मार्च तक श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति के तत्वाधान में समीपस्थ समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नवदिवसीय मानस यज्ञ एवं देवी भागवत के आयोजन हेतु कार्ययोजना निर्धारित करने बैठक मार्गदर्शक अवधेश शर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष प्रणव शर्मा के उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम घुघुवा(क) के सरपंच श्रीमती शैलेंद्री ढालसिंह साहू, पूर्व सरपंच लोकेश साहू, समिति के वरिष्ठ सदस्यगण गंगाराम साहू, भवानी शंकर शर्मा, अरुण शर्मा, ओगी राम साहू, मनोज सोनी, रज्जू सोनी, मोतीलाल देवांगन, देवेन्द्र साहू एवं समस्त समीपस्थ ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिती रही।

### 20 फरवरी से होगी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा

**कवर्धा,19 फरवरी (तछसं.)।** जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा ने बताया की बीस फरवरी 2026 से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ हो रहा है। हायर सेकेंडरी बोर्ड एग्जाम बीस फ़रवरी से होगी और दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ होगी । परीक्षार्थी छात्र-छात्राएं तनावमुक्त होकर विषयों की तैयारी कर परीक्षा में सम्मिलित हों । पालकगण से अपील है कि बच्चों के लिए परीक्षा को उत्सवपूर्ण, स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराएं तथा बच्चों के समुचित दिनचर्या, खान-पान, निद्रा एवं स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखें ।



### होली के दिन शराब दुकान खुली रहने का लोगों ने किया विरोध

**कवर्धा,19 फरवरी (तछसं.)।** भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी, बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी , लखनपुर उप क्षेत्र चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी , रामशरण चन्द्रवंशी जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ कबीरधाम ने होलो में शराब दुकान खुलेगी जिसकी चर्चा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की सरकार को होली के दिन शराब दुकान बंद रखना चाहिए क्योंकि ज्यादा शराब पीने से एक्सीडेंट ओट अपराध भी बढ़ सकता है और चंद्रशेखर चंद्रवंशी और संजय चंद्रवंशी ने कहा की सबसे अच्छा यह होगा की सरकार को शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए ओर शराब बंदी की घोषणा कर देना चाहिए । होली के दिन शराब दुकान बंद अवश्य होनी चाहिए पोड़ी में मनोज दुबे ने कहा । रामशरण चन्द्रवंशी जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ कबीरधाम ने कहा की शराब पीने से सभी युवाओं को दूर रहना चाहिए क्योंकि लीवर फेफड़ा ह्रदय खराब होने का खतरा बना होता है । शराब प्रेमियों में होली के दिन शराब दुकान खुलेगी जिस पर वे खुश दिखे ।



### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**पाटन,19 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत ग्राम पंचायत टेमरी, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01, परिक्षेत्र जामगांव आर में आंगनबाड़ी सहायिका के त्यागपत्र के फलस्वरूप रिक्त हुए पद पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पात्र महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित अर्हताओं के अनुसार आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा वह उसी ग्राम की स्थायी निवासी हो, जहां संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। निवास प्रमाण के रूप में ग्राम अथवा वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है, जिसकी प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी। नगरीय क्षेत्र की स्थिति में संबंधित प्रावधान लागू होंगे।

इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवार की महिला, विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला को नियमानुसार अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। विभागीय स्तर पर किसी प्रकार के संशोधन या दिशा-निर्देश में परिवर्तन होने की स्थिति में भर्ती प्रक्रिया विभागीय निर्देशानुसार संपादित की जाएगी, जो सभी पर बाध्यकारी होगी। भविष्य में शासन द्वारा केंद्र संचालन बंद किए जाने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की सेवा स्वतः समाप्त मानी जाएगी। यह पद पूर्णतः मानसेवी एवं अशासकीय है तथा चयनित अभ्यर्थी को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा।

## एक नजर

### आँगनबाड़ी केंद्र सांकरा वजन त्यौहार में 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



**उतई, 19 फरवरी (तछसं.)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जामगांव एम अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 सांकरा में वजन त्यौहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की सी.एस. लाल मैडम विशेष रूप से उपस्थित रहीं।वजन त्यौहार के दौरान आँगनबाड़ी केंद्र में दर्ज कुल 36 बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में सभी बच्चे सुपोषित पाए गए। इस अवसर पर सभी अभिभावकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर बच्चों के बेहतर पोषण स्तर के लिए प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय साहू, परियोजना अधिकारी यमुनेश पांडे, सरपंच रवि सिंगौर, पंच तुलाराम सिंगौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी एवं समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना रहा। आयोजन को लेकर पालकों एवं ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।

### गांजा बेच रहे तीन लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 19 फरवरी।** भिलाई गांजा बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि खुर्सीपार थाना अंतर्गत आईटीआई ग्राउंड के पास कुछ लोग गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं उन्होंने वहां घेराबंदी करवाई और बुद्ध विहार कैंप 1 छावनी निवासी अमन सेंडे, प्रशांत कुमार उर्फ शांतु राजपूत, कैंप 1 वैशाली नगर एन. पूजा को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास 7 किलोग्राम गांजा, स्कूटी, मोबाइल है। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। उक्त सामनों की कीमत 3.75 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### छापा मारकर पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा



**भिलाई, 19 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई जुआ खेलते पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा है सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोसानगर गौशाला के पीछे रेलवे पटरी के पास जुआ खेला जा रहा था दबिश देकर पुलिस ने लक्ष्मी नगर मछली मार्केट सुपेला निवासी कौशल पटेल, इंद्रा नगर रवि चौहान, संदीप सोनकर, अखिलेश चौहान, नागेश्वर यागव, फरीद नगर मो. अकीब को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 4 हजार 590 नगद और ताश पत्ती जब्त किया है ।

### राहगीरों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 19 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के राहगीरों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड स्थित देशी शराब दुकान के पास धारदार हथियार लेकर राहगीरों को धमकाने वाला दुर्ग निवासी राहुल जांगड़े को पकड़ा गया। उसके पास से एक स्टील का बटनदार धारदार हथियार जब्त किया गया ।



### निष्क्रिय बैंक खातों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित

**दुर्ग, 19 फरवरी।** जिला प्रशासन (कोषालय शाखा), दुर्ग द्वारा कई वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों में अवरुद्ध शासकीय राशि को सक्रिय करने और शासन को वापस कराने हेतु निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 17 फरवरी 2026 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस शिविर में जिला कोषालय अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न कार्यालय प्रमुख/डीडीओ एवं बैंक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना मेरे परिवार के लिए वरदान : श्याम बाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 19 फरवरी।** कबीरधाम जिला के जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत डबरी निवासी श्रीमती श्याम बाई और उनके पति श्री परसन की दैनिक जीवन शैली एक सामान्य किसान परिवार की है। आज से कुछ समय पूर्व उनका जीवन अभावों से घिरा हुआ था। एक साधारण किसान,गौ पालन एवं दिहाड़ी मजदूरी ही परिवार के भरण पोषण का मुख्य साधन है। इन परीस्थितियों के बीच पक्के मकान का सपना उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा और नाउम्मीदी से भरा था। यह परिवार जिस पुराने और कच्चे मकान में निवास करता था वह जर्जर हो चुका था। बरसात का मौसम आते ही उनके परिवार पर चिंता के बादल मंडराने लगते थे। मकान की दीवारें में दरारें, छत से टपकता पानी और कभी दीवाल के ढह जाने का भय यह सब उनके जीवन का हिस्सा बन चुका था। हर वर्ष बारिश से पहले थोड़ी बहुत बचत से मकान की मरम्मत में खर्च करना पड़ता था। परिणमस्वरूप उनकी आय का बड़ा हिस्सा अस्थायी सुधार में खर्च हो जाता था जिससे जीवन में आगे बढ़ने के अवसर और भी सीमित हो जाते थे। उनके जीवन में आशा की नई किरण बनकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने बड़ा परिवर्तन कर दिया। इस योजना में श्याम बाई का चयन होने के उपरांत आवास पंजीयन कार्य हुआ और उन्हे 1.20 लाख रूपये की सहायता राशि तीन किश्तों में उनके बैंक खातें में ऑनलाईन डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुई। ग्राम पंचायत स्तर तक मैदानी कर्मचारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से श्यामबाई और उनके पति परसन का निर्धारित समय-सीमा में पक्के मकान का निर्माण कार्य पूरा हो गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास के साथ ही श्याम बाई को महात्मा गांधी नरेगा योजना से 90 मानव दिवस का अकुशल मजदूरी के बदले लगभग 22 हजार रूपये का पारिश्रामिक राशि प्राप्त हुआ, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से शौचालय,प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस-चूल्हा,नल-जल योजना से पीने का पानी, विधुत,स्वास्थ योजना से आयुष्मान कार्ड,खाद्य योजना से राशन कार्ड,मुख्यमंत्री पेशन योजना से प्रतिमाह 500 रूपये एवं महतारी वंदन योजना से 500 रूपये प्रतिमाह उनके खाते में प्राप्त हो रहा है।साथ ही अन्य शासकीय योजना से श्याम बाई और उनका परिवार लाभान्वित हो रहा है। श्याम बाई और उनका परिवार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते धन्यवाद देते हुए कहते है की जो हम कभी नही कर सकते वो सपना सरकार ने पूरा कर दिया। अपने पक्के आशियाना में रहतें हुये श्याम बाई कहती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना मेरे परिवार के लिये बड़ा वरदान है। पहले जर्जर कच्चा मकान था, वही आज एक सुन्दर और मजबूत पक्का घर खड़ा है।यह सिर्फ ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक जीवन में बड़े बदलाव का प्रतीक है और उन्नति का साधन भी।जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हो रहे कार्यो के संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत विनय कुमार पोयाम ने बताया की वर्ष में 27966 ग्रामीण परिवारो के नए सुन्दर आवास बनकर तैयार हो चुके है और ग्रामीण परिवार अपने घरों में खुशी से निवास कर रहे हैं।

# खुर्सीपार स्टेडियम में बैडमिंटन की शुरुआत से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा




**भिलाई, 19 फरवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के विशेष प्रयासों से खुर्सीपार स्थित नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेल की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। लंबे समय से अनुपयोगी पड़े इस आधुनिक स्टेडियम को अब खेल गतिविधियों के लिए सक्रिय कर दिया गया है। आयुक्त के निर्देशानुसार स्टेडियम के संसाधनों को नियमित रूप से उपयोग में लाने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वयं बैडमिंटन खेलना शुरू किया है। अधिकारी ड्यूटी के बाद अपने खाली समय में खेल का अभ्यास कर रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य में सुधार होगा। इंडोर स्टेडियम के शुरू होने से खुर्सीपार क्षेत्र के निवासियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। अब स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। नियमित बैडमिंटन खेलने से हृदय स्वास्थ्य और शारीरिक स्फूर्ति में वृद्धि होगी। आयुक्त पांडेय ने कहा कि निगम की संपत्तियों का अधिकतम उपयोग जनहित में किया जाना प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्टेडियम खिलाड़ियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा।

### पुलिस ने 35 पौवा शराब किया जब्त



**भिलाई, 19 फरवरी (तछसं.)।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार स्तार किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खागेंद्र पाठरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम जेवरा शीतला तालाब रोड, आशीष ढाबा के पास अवैध देशी शराब बेचने की जानकारी मिली थी पुलिस मौके पर पहुंच कर वार्ड - 9, ग्राम जेवरा सिरसा निवासी आशीष साहू को पकड़ा गया उस के पास से पुलिस ने सफेद प्लास्टिक बोरी में 32 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल जब्त किया।

# बिना टोंटी वाले नल कनेक्शन को तत्काल काटें : महापौर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 19 फरवरी।**। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने निर्देश दिए है कि जिनके घरों के नल पर टोटी नहीं लगा है उनका कनेक्शन तत्काल काटा जाए। सड़क पर बहते पानी को देख महापौर ने यह निर्णय ली। वे वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व का भ्रमण करते हुए समस्याओं से रूबरू हुईं ।

नगर पालिक निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा बुधवार की सुबह नेवई बस्ती पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने सड़क पर पानी बहते देख नाराजगी जाहिर की। बाद में खुलासा हुआ कि अधिकांश डेयरी संचालक के घरों में नल कनेक्शन लगा हुआ है जो पानी भरने के बाद नल को खुला छोड़ देते हैं। इस वजह से पानी सड़क से होते हुए नाली में बह जाता है। महापौर ने इस दौरान ऐसे लोगों पर आक्रोश व्यक्त की, जिन्होंने नल कनेक्शन पाईप में टोटी नहीं लगाया है। महापौर शशि ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों को सूचीबद्ध कर पहले समझाइश दे इसके बाद भी असर नहीं होने पर तत्काल नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही करे। इस दौरान एमआईसी अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, उप अभियंता जयंत शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर समेत जल विभाग के गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान महापौर को सूचना मिली की बिजली खंभा झुक गया है और दिवार से चिपक गया है। इस वजह से दीवार पर करंट प्रवाहित हो रहा है। महापौर शशि ने इसे गंभीरता से लेते हुए निगम के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बिना विलंब किए विद्युत वितरण कंपनी से सम्पर्क कर समस्या को दूर करें।

# 26 फरवरी को पीएम आवास की लाटरी निकाली जाएगी



**भिलाई, 19 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आवंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार निगम सभागार कक्ष में 26 फरवरी को समय 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही से 75000 रुपये निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लाटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जायेगा। लाटरी में वरिष्ठ नागरिकगण, दिव्यांगजन एवं अन्य आवेदकों को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही निर्धारित तिथि एवं दिन को समय पर उपस्थित होकर आवास आबंटन की लाटरी में भाग ले सकते हैं और आवास पा सकते हैं।

### टाउनशिप में लंबित विद्युत बिलों की वसूली के लिए कार्रवाई प्रारंभ

**भिलाई, 19 फरवरी।** टाउनशिप प्रशासन द्वारा दुकानों एवं आवासीय क्वार्टरों के लंबित विद्युत बिलों की वसूली सुनिश्चित करने हेतु विधि सम्मत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि विद्युत अधिनियम के अंतर्गत विद्युत बिल का भुगतान न करना स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है। इसी क्रम में टाउनशिप प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों, निवासियों एवं अन्य विद्युत उपभोक्ताओं को विधिवत नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी होने के 15 दिवस पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान न किए जाने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर एवं सख्ती के साथ जारी रहेगी।

# फील्ड विजिट कर गोवा के युवाओं ने जाना छत्तीसगढ़ का इतिहास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,19 फरवरी।** राज्य की कला, संस्कृति एवं इतिहास से युवाओं को परिचित कराने के उद्देश्य से माय भारत, दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 5 से 9 फरवरी तक तुलसी पैलेस धनोरा, दुर्ग में अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गोवा के 37 युवाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दर्जा उपाध्यक्ष छग ओबीसी विकास प्राधिकरण व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।माय भारत दुर्ग उपनिदेशक नितिन शर्मा ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संस्कृति, कला, सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना था। इस दौरान प्रतिभागियों को कौशल प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता विकास, कला एवं साहित्य, साइबर अपराध से बचाव, बैंकिंग फ्रॉड से सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र प्रदान किए गए।इस दौरान सहयोगी एफएम रेडियो एवं सहयोगी मित्र मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा द्वारा युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, ग्राम पंचायत कातरो सरपंच व मास्टर ट्रेनर जीतेन्द्र सोनी द्वारा टीम बिल्डिंग तथा योगेश चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति विषय पर युवाओं को जानकारी प्रदान की।गोवा से आए प्रतिभागियों को दो दिवसीय फील्ड विजिट अंतर्गत रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय व धमतरी स्थित गंगरेल डैम, अंगारमोती माता मंदिर एवं मां विंध्यवासिनी मंदिर का भ्रमण कराया गया। साथ ही सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों की जमीनी वास्तविकताओं से युवाओं को अवगत कराने युवा रत्न अवार्ड विजेता युवा स्टार समिति खरतुली ग्राम का भी भ्रमण कराया गया।कार्यक्रम दौरान प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें युवाओं ने अपनी कला एवं प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के सफल संचालन में अकाउंटेंट आरती मिश्रा, ऑफिस असिस्टेंट आशीष मालिक, कार्यालय स्टाफ तथा स्वयंसेवकों यशवंत टंडन, योगेश साहू, उमेंद्र, गौरव श्रीवास सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# कुरुभाठ में नई सोसायटी बनाई गई तो ग्रामीण करेंगे उग्र प्रदर्शन

■ एसडीएम को ज्ञापन सौंप दी गई चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 19 फरवरी।** शासन प्रशासन द्वारा ग्राम कुर्रुभाठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने के विरोध में बुधवार को बधियाटोला, राका और रामनगर के दो दर्जन से अधिक किसानों ने विरोध दर्ज करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एम भार्गव को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों का आरोप था कि शासन प्रशासन के द्वारा कुर्रुभाठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने की मंशा रही है, जबकि पूर्व मे ग्राम राका मे सोसायटी खोले जाने के लिए आदेश भी हुआ था परन्तु ग्राम राका के स्थान पर ग्राम कुर्रुभाठ मे सोसायटी स्थानातरण करने का आसपास गांव के ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया था और उसके स्थान पर राका या बढ़ियाटोला में सोसायटी का गठन किए जाने की मांग की गई थी या संभव ना होने की स्थिति में मुड़पार सोसायटी को यथावत रखने की मांग की गई थी।

जिस पर शासन प्रशासन ने आज तक कोई पहल दिखाते हुए इस विषय पर गंभीरता से विचार करते कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं गुप्त सूत्रों से शासन प्रशासन द्वारा कुरुभांठ को सोसायटी बनाने की जानकारी सामने आने पर ग्राम बधियाटोला, राका, छिरपानी, रामनगर के ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध करते मांग की गई है कि यदि राका या बधियाटोला को सोसायटी बनाना सम्भव ना हो तो वर्तमान मे संबंधित सोसायटी मुड़पार को यथावत् रखा जावे।

यदि शासन प्रशासन ग्रामीण किसानों को बिना जानकारी चोरी छिपे ग्राम कुर्रुभाट में नवीन सोसायटी का गठन करने प्रयास करती है तो आने वाले दिनों में ग्रामीण किसान बढ़ियाटोला राका मार्ग पर चक्का जाम कर उग्र प्रदर्शन किया जा सकता है?

### 10 माह पूर्व किया गया था विरोध और तीन माह से मांग पर अब तक कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि इस विषय को लेकर 10 माह पूर्व समय-समय पर संबंधित अधिकारियो को मांगपत्र दिया गया है परन्तु इस दिशा में आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे हम सभी कृषकगण बहुत परेशान है। इस अवसर पर किसान दशरथठाकुर, सोमेश्वर सिन्हा, खोरबाहरा राम सिन्हा, घनस्याम सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, प्रमोद लाउत्रे, अमरचंद निषाद, अश्वनी साहू, शालिक सिन्हा, शंकर चंद्रवंशी, सम्मत चंद्रवंशी, मंगल साहू, खेमिन ठाकुर, अर्जुन बांधे, रामासरे ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसानजन उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं का शीघ्र होगा निराकरण : एसडीएम

इस विषय पर एसडीएम श्री भार्गव से दूरभाष पर चर्चा करने पर बताया गया कि किसानों की लंबे समय से समस्या पर आवेदन निवेदन किया गया था जिसका संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा समस्या से शीघ्र निराकरण करने का प्रयास कर किसानों के हित में कार्य किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

# कांग्रेस-भाजपा की लड़ाई के चलते वार्डवासी परेशान



■ डामर रोड का कार्य पूर्ण ना होने से लोग नाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 19 फरवरी।** कांग्रेस व भाजपा की लड़ाई में ठेठवार पारा की डामर रोड अधूरी पड़ी है जिसकी शिकायत को लेकर वार्डवासी बुधवार को नगर पालिका पहुंच सीएमओ खिलेंद्र भोई से सौजन्य मुलाकात वार्ड में अधूरे डामर रोड के बारे में जानकारी दे बताया गया कि वार्ड में पूर्व कांग्रेस पार्षद व भाजपा के वर्तमान पार्षद की लड़ाई में लाखों रु की लागत से डामर रोड का कार्य ठेकेदार के द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे समस्त वार्डवासी भारी आक्रोश में है। वार्डवासियों ने एक सुर में कहा कि ठेकेदार तो कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा है परन्तु पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद की लड़ाई में कार्य अधूरा पड़ा है। वहीं इस समस्या को लेकर वार्डवासी सीएमओ खिलेंद्र भोई को निर्माण कार्य शीघ्र ना कराने की स्थिति में प्रदर्शन की चेतावनी पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के आश्वासन के बाद ठेकेदार व पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद को दूरभाष कर जनहित में डामर रोड कार्य पूर्ण में बाधा उत्पन्न कराने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का हवाला दिया गया जिसमें ठेकेदार व पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद ने अपनी सहमति जाहिर करते त्यौहार के पहले निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

### दो दिवसीय श्याम फागुन महोत्सव एवं निशान यात्रा 27 से

**डोंगरगढ़, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मां बमलेश्वरी देवी की पावन नगरी डोंगरगढ़ में आगामी 27 फरवरी शुक्रवार से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नीचे मंदिर के समीप श्याम रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी सीए मयूर अग्रवाल ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह श्याम प्रेमी मुकेश भूत के यहां से 4 बजे श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा श्याम भक्त मुकेश भूत के घर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई मुकेश भूत के घर में जाकर समाप्त होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी शनिवार को सुबह से ही भगवान खाटू श्याम वाले का आयोजन प्रारंभ होगा। जिसमें सर्वप्रथम बाबा की धोक पूजन व आरती होगी। शाम 6 बजे से भजन संध्या का विशाल कार्यक्रम आयोजित है इस अवसर पर बाबा का 56 भोग अलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य दरबार सजेगा कार्यक्रम में पुष्प वर्षा इत्र वर्षा व फल, पान के भोग के साथ अमृतमय भजनों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम मे भजन गायक संजीव शर्मा गुप्तकाशी उत्तराखंड तथा शुभम अग्रवाल तिरोड़ा महाराष्ट्र अपने भजनों से कार्यक्रम को निहाल करेंगे। क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील श्याम परिवार मित्र मंडल ने की है। कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है भजनों की श्रृंखला देर रात तक चलेगी तत्पश्चात शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा इस अवसर पर बाबा के भक्तों के लिए श्याम रसोई का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## एक नजर

### राठी दंपति को मिलेगा यूएसए में सम्मान



**रायपुर, 19 फरवरी।** एनाहेम कैलिफोर्निया यूएसए में राठी दंपति मनोज कुमार राठी एवं शीतल राठी, अभिकर्ता का सम्मान होगा भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर में नया कीर्तिमान बनाते हुए दोनो ने भारत में युगल दंपत्ति के रूप में प्रथम एमडीआरटी प्राप्त किया एवं अखिल भारतीय स्तर पर भी स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि इन्होने डीआर गजेंद्र एलआईसी एसोसिएट के नेतृत्व में प्राप्त किया। वे मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में प्रथम कॉर्पोरेट क्लब दंपति है जो अधिक समय से कॉर्पोरेट क्लब में रायपुर मंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उनकी उपलब्धि पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, विपणन प्रबंधक श्री बुधराम, प्रबंधक विक्रय दिलीप सीथा, शाखा प्रबंधक बी.के. बिस्वास, सहायक शाखा प्रबंधक श्रीमती शिखा पांडे ने उन्हें बधाई दी है।

## छत्तीसगढ़ के स्कूलों में इंडस टावर्स की सीएसआर पहल

# नारायणपुर में 6766 पैड छात्राओं को वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 19 फरवरी।** नारायणपुर के सरकारी स्कूलों में किशोरियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं भरोसेमंद मैन्स्ट्रूअल हाइजीन मटीरियल भारत की अग्रणी टेलीकॉम इंफ्रा इंडस टॉवर्स, पिंकाशी फाउण्डेशन के सहयोग द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। अपने इस सीएसआर पहल के तहत नारायणपुर एवं सक्ति के 65 सरकारी स्कलों में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पहल के तहत हर स्कूल को डस्टबिन और पैड बैंक (स्टोरेज कबर्ड) मुहैया कराए गए।

इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम नारायणपुर और सक्ती में किशोरियों के लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ, हाइजीन और जागरुकता को सुलभ बनाएगा। कुल पैंसठ स्कूलों (नारायणपुर में 20 और सक्ती में 45) में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें और पैड बैंक इंस्टाल किए। नारायणपुर में 20 डस्टबिन और 20 पैड बैंक इंस्टॉल किए। साथ ही 40 स्कूल जागरुकता सत्र का आयोजन, 62 सामुदायिक सत्र, 40 स्कूल सखियों और 20 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। यहां 3383 से अधिक लड़कियों को 6766 पैड पैकेट बांटें एवं 64618 पैड सप्लाई किया गया। इंडस टॉवर्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्कूलों में मैन्स्ट्रूल हाइजीन इंफ्रास्ट्रक्चर रोलआउट को सफलतापूर्वक पूरा किया।

लड़कियों की पढ़ाई में कोई रूकावट न आए, इसके लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ को सुनिश्चित करना जरूरी है। इन इन्स्टॉलेशन्स का पूरा होना छात्राओं के कल्याण एवं सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इंडस टावर्स एवं पिंकाशी के प्रयासों की सराहना करते हुए जिला अधिकारी ने कहा। मैं आपसी सहयोग से किए गए इन प्रयासों की सराहना करना चाहूंगा, जिनकी वजह से यह संभव हो पाया है। इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम स्कूल आधारित सहयोग, जागरुकता एवं सुलभता को सशक्त बनाकर छत्तीसगढ़ को आत्मविश्वास से भरपूर, जागरुक एवं महिलाओं की समावेशी पीढ़ी के निर्माण में मदद कर रहा है।' इंडस टॉवर्स की मुख्य सीएसआर पहल प्रगति के तहत पेश किया गया नारी सम्मान प्रोग्राम जागरुकता, सुलभता एवं सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देता है। यह प्रोग्राम मैन्स्ट्रूअल हेल्थ के बारे में जागरुकता बढ़ाने, सैनिटरी प्रोडक्ट्स को सुलभ बनाने एवं स्कूल में लिंग-संवेदनशील माहौल बनाने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किशोरियां गरिमा के साथ अपनी माहवारी का प्रबन्धन कर सकें और उनकी पढ़ाई में किसी तरह की रूकावट भी न आए। पैड लेते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति छात्राओं का दृढ़ आत्मविश्वास दिखा।

''हर लडक़ी के लिए मैन्स्ट्रूअल हाइजीन प्रोडक्ट्स को सुलभ बनाना न सिर्फ उनके स्वास्थ्य बल्कि उनकी गरिमा, सम्मान, आत्मविश्वास और एक समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी जरूरी है। नारी सम्मान प्रोग्राम के इस चरण को पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि है, जो हजारों किशोरियां को अवसर प्रदान करेगी। यह उपलब्धि हमारी इस अवधारणा को दर्शाती है कि सही मायनों में प्रगति की शुरूआत तब होती है जब हर लडक़ी को जरूरी सहयोग मिलता है। छात्राओं के शैक्षणिक प्रगति में स्वास्थ्य कोई बाधा न बने इसलिए यह बेहद जरूरी है, आज की छात्रा देश का भविष्य होती हैं। ' इंडस टॉवर्स के सीईओ तेजिंदर कालरा ने कहा।

''यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों की क्षमता को दर्शाती है। इंडस टॉवर्स के साथ साझेदारी के जरिये हमने हजारों लड़कियों के लिए हाइजीनिक प्रोडक्ट्स को सुलभ बनाया है, उन्हें आत्मविश्वास के साथ मैन्स्ट्रूअल हेल्थ की देखभाल के बारे में जागरुक बनाया है। अध्यापकों, स्कूल सखियों एवं समुदायों का सहयोग सुनिश्चित करता है कि यह बदलाव अस्थायी नहीं बल्कि सही मायनों में बदलावकारी हो। पिंकाशी फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं प्रेसीडेंट अरूण गुप्ता ने जोड़ा।



## अधिकारी जांच करने गए तो जांच करते,मारपीट क्यों की....

कोई भी अधिकारी हो, उसका कुछ अधिकार पद के कारण होता है। उसे मालूम होना चाहिए कि उसका अधिकार क्या है। वह अपने अधिकार के अनुसार क्या कर सकता है और क्या नहीं कर सकता है।किसी भी अधिकारी को कहीं कुछ गलत होने की जानकारी मिलती है तो उसका अधिकार है कि वह मौके पर जांच कर सकता है, मौजूद लोगों से पूछताछ कर सकता है।लोगों से घटना के बारे में सवाल करना किसी भी तरह से गलत नहीं है, लेकिन घटना के बारे में सवाल करते हुए किसी के साथ भी मारपीट करना तो जांच के दायरे में नहीं आता है।कोई भी अधिकारी किसी मामले की जांच के लिए गया है, उसे जांच तक सीमित रहना चाहिए क्योंकि यह उसका अधिकार है। जांच के नाम पर किसी के साथ वह मारपीट करता है तो यह गलत है और ऐसे मामले में अधिकारी के खिलाफ सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। बलरामपुर जिले के कुसमी हंसपुर पंचायत में रविवार की रात अवैध बाक्साइट खनन की शिकायत एसडीएम करुण कुमार डहरिया को मिली तो वह जांच के लिए मौके पर पहुंचे। इसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि किसी भी अधिकारी को कहीं से कुछ गलत होने की जानकारी मिलती है तो वह जांच करने के लिए जाते ही है। जांच के लिए गए तो लोगों से पूछताछ करना भी जरूरी होता है लेकिन पूछताछ के नाम पर उन्होंने जिन लोगों से क्रूरता से मारपीट की यह उनके अधिकार में नहीं आता है। कोई भी अधिकारी चाहे वह कितना भी बड़े पद पर क्यों न हो उसे जांच के नाम पर किसी के साथ भी मारपीट करने का अधिकार नहीं है और इस तरह की मारपीट कोई अधिकारी कर कैसे सकता है कि एक की मौत हो जाए और दूसरों को अस्पताल में भर्ती करना पड़े। एसडीएम को जाना था तो सरकारी अमले के साथ जाना था, वह अपने दोस्तों के साथ क्यों गए थे, ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन करने वाले तो भाग गए थे, अधिकारी ने अवैध खनन का गुस्सा आम लोगों पर निकाला तो बवाल तो होना था। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन होता है और अवैध खनन के नाम वसूली भी होती है। किसी भी अधिकारी को अवैध खनन की शिकायत मिलती है तो वह अवैध वसूली भी करता है। यहां सवाल यह उठता है कि क्या अधिकार अवैध वसूली के गए थे, दोस्तों के साथ जाने का तो यह मतलब भी निकाला जा सकता है कि वह गए तो वसूली के लिए थे लेकिन जिनसे वसूली होती वह मिले नही, ग्रामीण मिले तो सारा गुस्सा ग्रामीणों पर निकाल दिया। एसडीएम के के बारे में बताया है कि वह पहले रिश्वत लेते हुए भी पकड़े गए हैं। प्रशासन ने यह अच्छा किया है कि मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, घटनास्थल के निरीक्षण,पंचनामा व पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर ग्रामीणों से मारपीट करने का मामला दर्ज किया। एसडीएण करुण कुमार डहरिया,विक्की सिंह उर्फ अजय प्रताप सिंह,मंजीत कुमार यादव,सुदीप यादव के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चार लोगों में अजय प्रताप सिंह के बारे में कहा जा रहा है कि वह भाजपा नेता है तो ऐसे लोगों को तुरंत पार्टी से बाहर करना चाहिए। क्योंकि ऐसे लोग ही भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर गलत काम करते हैं और बदनाम पार्टी व सरकार होती है। सरकार सुशासन का नारा देती है तो ऐसी घटना होने पर सरकार के सुशासन के दावे पर सवालिया निशान लग जाता है। विपक्ष तो ऐसे मामले होने की ताक में रहता है जब भी ऐसा कोई मामला होता है तो वह अपनी राजनीति शुरू कर देता है। इधर घटना हुई उधर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बयान आ गया कि यह तो प्रशासनिक आतंकवाद है। ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले अवैध रूप से बाक्साइट काम में लगे ट्रक को पकड़ा था जिसका परिणाम ग्रामीण को जान गंवाकर चुकाना पड़ा है। यह आरोप लगाने का भी मौका मिल गया कि पूरी की पूरी भाजपा सरकार और उसके अधिकारी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं और भ्रष्ट लोगों को पोषण दे रहे है।यह अच्छी बात है कि इस मामले में सरकार ने त्वरित कार्रवाई की और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सरकार को सख्ती से काम लेना चाहिए ताकि फिर कोई पार्टी का नेता या कोई अधिकारी इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न करे।

### गंभीर मुद्दा

# भारत की सड़कों पर ट्रैफिक कानून बनाम लापरवाही

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर भारत आज 142.6 करोड़ से अधिक आबादी वाला विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।इतनी विशाल जनसंख्या,विविध सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ ,तीव्र शहरीकरण और तेजी से बढ़ते मोटर वाहनों के बीच कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करना किसी भी सरकार के लिए असाधारण चुनौती है।भारत में हजारों केंद्रीय और राज्य कानून लागू हैं और अधिकांश क्षेत्रों में उनका पालन संतोषजनक रूप से होता भी है। किंतु सड़क परिवहन और ट्रैफिक कानूनों का क्रियान्वयन एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ व्यवस्था और वास्तविकता के बीच गंभीर अंतर दिखाई देता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि जनता पर लागू प्रमुख सड़क परिवहन कानून और नियमः(1)मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019ःयह कानून सड़क सुरक्षा बढ़ाने और नियमों के उल्लंघन (जैसे- बिना हेलमेट /सीटबेल्ट,शराब पीकर गाड़ी चलाना) पर भारी जुर्माने के लिए लागू है।(2)केंद्रीय मोटर वाहन नियम,1989ःयह वाहन के तकनीकी मानकों (जैसे- प्रदूषण, लाइट,सुरक्षा उपकरण) को निर्धारित करता है।(3) राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002ः यह राजमार्गों पर अतिक्रमण हटाने और यातायात के सुचारू संचालन को नियंत्रित करता है।(4)सड़क मार्ग द्वारा वहन अधिनियम, 2007ःयह माल परिवहन करने वाले वाहकों के नियमों और दायित्वों से संबंधित है।(5)परिवहन परमिट (धारा 66-70)ः व्यावसायिक वाहनों के लिए वैध परमिट अनिवार्य है।इन अधिनियमों का सख़्ती से क्रियान्वयन नहीं करना यह केवल प्रशासनिक शिथिलता का प्रश्न नहीं है,बल्कि सामाजिक मानसिकता, तकनीकी ढांचे, राजनीतिक इच्छाशक्ति और नैतिक अनुशासन का भी मुद्दा है।भारत में सड़क सुरक्षा का मूल कानूनी ढांचा मोटर व्हीकलस एक्ट पर आधारित है,जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया है, इन अधिनियमों का उद्देश्य वाहन पंजीकरण,ड्राइविंग लाइसेंस बीमा,फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना है। 2019 में इस कानून में व्यापक संशोधन किए गए,जुर्मानों को बढ़ाया गया,डिजिटल प्रवर्तन को प्रोत्साहित किया गया और राज्यों को अधिक दायित्व सौंपे गए।इसके बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में पंजीकृत लगभग 40.7 करोड़ वाहनों में से 70 प्रतिशत से अधिक वाहन किसी न किसी वैधानिक आवश्यकता का पालन नहीं कर रहे हैं। इनमें प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र,वैध बीमा,फिटनेस सर्टिफिकेट और समय पर पंजीकरणनवीनीकरण जैसी अनिवार्य शर्तें शामिल हैं। केवल लगभग 8 करोड़ वाहन ही पूर्णतः अनुपालन की श्रेणी में आते हैं,जबकि 30 करोड़ से अधिक वाहन अधूरे दस्तावेजों के साथ सड़कों पर चल रहे हैं।इसके अतिरिक्त 2 करोड़ से अधिक वाहन ऐसे हैं जिनका पंजीकरण पहले ही निरस्त किया जा चुका है,किंतु वे डेटाबेस में दर्ज हैं।यह स्थिति केवल प्रशासनिक आंकड़ों कीसमस्या नहीं है;यह सड़क सुरक्षा,पर्यावरण संरक्षण और विधि शासन के लिए गंभीर चुनौती है।भारत में सबसे बड़ी चिंता दोपहिया वाहनों को लेकर है। गैर- अनुपालन वाले वाहनों में लगभग 23.5 करोड़ दोपहिया वाहन शामिल हैं।हेलमेट का उपयोग न करना,तीन-तीन लोगों का बैठना,नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना,बीमा या फिटनेस न होना,ये दृश्य देश के हर छोटे-बड़े शहर में सामान्य हो चुके हैं। महाराष्ट्र के छोटे शहर गोंदिया से लेकर महानगरों तक ट्रैफिक अनुशासन की कमी स्पष्ट दिखाई देती है।सिग्नल तोड़ना,गलत दिशा में वाहन चलाना मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग करना, सोशल मीडिया रील्स बनाने के लिए स्टंट करना,ये सब अब केवल अपवाद नहीं रहे,बल्कि एक व्यापक सामाजिक प्रवृत्ति बनते जा रहे हैं।द्वारका की घटना में मृतक की मां द्वारा कही गई बात,कि यह केवल दुर्घटना नहीं बल्कि मानसिकता का प्रश्न है,भारत की सड़क सुरक्षा बहस का केंद्रीय बिंदु है। सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़,तेज रफ्तार को स्टेटस सिंबल मानना,और कानून को चुनौती देने की प्रवृत्ति एक नई पीढ़ी के भीतर उभरती दिखाई देती है।डिजिटलप्लेटफॉर्म पर खतरनाक स्टंट्स के वायरल होने से युवाओं में जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ती है। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए केवल दंड पर्याप्त नहीं; शिक्षा, जागरूकता और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी भी आवश्यक है। साथियों बात अगर हम हाल की घटनाओं ने इस संकट को और भी स्पष्ट कर दिया है इसको समझने की करें तो फरवरी 2026 में दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग द्वारा तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से बाइक सवार युवक को टक्कर मारने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। यह घटना उस समय हुई जब आरोपी कथित रूप से सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के उद्देश्य से वाहन चला रहा था। मृतक युवक की मां का सार्वजनिक बयान इस घटना को महज दुर्घटना नहीं, बल्कि आपराधिक मानसिकता का परिणाम बताता है।उनका दर्द केवल व्यक्तिगत शोक नहीं था;वह एक ऐसी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह था जहाँ कुछ लोग स्वयं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं।इस घटना में आरोपी नाबालिग को किशोर न्याय प्रणाली के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया। भारत में नाबालिगों से संबंधित मामलों का निपटान जुवेंइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन ) एक्ट के तहत किया जाता है। इस कानून का उद्देश्य बच्चों के पुनर्वास और सुधार पर बल देना है, न कि दंडात्मक प्रतिशोध पर। किंतु जब अपराध की प्रकृति गंभीर हो, विशेषकर तब जब उसमें जान का नुकसान हुआ हो, तो समाज में न्याय और दया के बीच संतुलन को लेकर व्यापक बहस शुरू हो जाती है।द्वारका प्रकरण में आरोपी को बोर्ड परीक्षा के आधार पर अंतरिम जमानत दी गई,जिससे पीड़ित परिवार और आम जनता में मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलीं।इससे पहले पुणे में हुई चर्चित पोर्श दुर्घटना ने भी देश को झकझोरा था। वहाँ भी एक नाबालिग द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने से गंभीर दुर्घटना हुई थी और आरोपों में साक्ष्य मिटाने की बात सामने आई थी। ऐसे मामलों में प्रश्न केवल व्यक्तिगत अपराध का नहीं, बल्कि अभिभावकीय जिम्मेदारी सामाजिक प्रतिष्ठा, धनबल और प्रभाव के दुरुपयोग का भी है। जब परिवार अपने नाबालिग बच्चों को उच्च क्षमता वाले वाहन चलाने की अनुमति देते हैं, तो यह केवल कानूनी उल्लंघन नहीं बल्कि नैतिक विफलता भी है। साथियों बात अगर हम भारत में प्रतिवर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं इसको समझने की करेंतो,इसमें हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में सड़क दुर्घटनाएँ मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। भारत, जिसकी सड़क नेटवर्क लंबाई विश्व में सबसे अधिक में से एक है, सड़क सुरक्षा के मामले में अभी भी विकसित देशों से काफी पीछे है। विकसित देशों में सख्त प्रवर्तन,स्वचालित कैमरा प्रणाली, उच्च दंड और त्वरित न्यायिक प्रक्रिया के कारण अनुपालन दर अधिक है।भारत सरकार द्वारा हाल ही में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक में वाहन डेटाबेस को साफ करने और चरणबद्ध तरीके से गैर- अनुपालन वाहनों को स्वतः डी-रजिस्टर करने का प्रस्ताव इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि तय समयसीमा के भीतर बीमा,फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते,तो ऐसे वाहनों को स्वतः निष्क्रिय करने की व्यवस्था लागू की जा सकती है। यह कदम केवल तकनीकी सुधार नहीं होगा;यह प्रशासनिकइच्छाशक्ति की परीक्षा भी होगा। सड़क सुरक्षा का प्रश्न केवल कानून या पुलिस तक सीमित नहीं है।

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बनेगा। दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी में जाएंगे, वहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका आशीर्वाद मिलेगा। एजुकेशन फील्ड में बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स आपका पूरा सहयोग करेंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको ख़ुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं आपकी सैलेरी में इन्क्रीमेंट भी हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कॉलेज प्रोजेक्ट पूरा करने में सफलता मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी नये कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्या राशिः आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं। इम्युनीटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए आप योगा कर सकते हैं। आप खुद को दूसरों के सामने साबित करने में सफल होंगे।

तुला राशिः आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनों से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति चल रही नकारात्मक थिंकिंग आज समाप्त हो जायेगी। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले व्यक्ति के स्वभाव को ठीक से जानना होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में सफल होंगे।

धनु राशिः आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में नई नई खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

मकर राशिः आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर आज उनके मन पसंद जगह पर होगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

मीन राशिः आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

## सू- दोकू क्र.321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -321

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

### एक्सपर्ट व्यू

# परीक्षा के दो अवसर को प्रयोग न बनाएं

**डॉ .सूर्यकांत मिश्रा,राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़)**

किशोरावस्था और शिक्षा के बीच चोली - दामन का संबंध होता है ।एक किशोरवय बालक - बालिका अपनी इस उम्र में शिक्षार्थी और विद्यार्थी के रूप में समाज में एक अलग भूमिका में हुआ करते हैं । इसी उम्र में विद्यार्थी को अपनी पहली बोर्ड परीक्षा ( सीबी एसई ) में शामिल होने का अवसर प्राप्त होता है , जो किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं माना जा सकता है ।अभी तक वर्ष में एक बार होने वाली मुख्य परीक्षा फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से अथवा मार्च माह के शुरुआती दिनों से लिए जाने का प्रावधान बोर्ड द्वारा अपनाया जाता रहा है ।विशेष रूप से कक्षा दसवीं के वे बच्चे जो पहली बार बोर्ड पैटर्न से रूबरू होते हुए अपनी वर्ष भर की मेहनत का परिणाम लेने संघर्ष करते देखे जाते हैं , उन्होंने यदि सही तैयारी नहीं की अथवा स्वास्थ्यगत कारणों से परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गए तो उनका पूरा वर्ष खराब हो जाता है ।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों की वर्ष भर की मेहनत को बर्बाद होने से बचाने के उद्देश्य से ही परीक्षा पैटर्न में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं । वर्ष 2026 से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का मौका देने जा रहा है । यह ऐतिहासिक बदलाव बच्चों के मन में शिक्षा के प्रति आने वाले नकारात्मक विचारों को समाप्त करने का मनोवैज्ञानिक तरीका माना जाना चाहिए । अब विद्यार्थी अपनी तैयारी के हिसाब से परीक्षा में शामिल होकर उच्च अंक प्राप्त कर सकेंगे । साथ ही परीक्षा से वंचित होने के कारणों को भी खत्म किया जा सकेगा । बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाला विद्यार्थी और उसके पालकों के लिए बोर्ड परीक्षा के परिणाम अहम स्थान रखते हैं । हमने अपनी शैक्षणिक गतिविधि और तय परीक्षा कार्यक्रम के आधार पर यही अनुभव किया है - " एक दिन , एक मौका और वर्ष भर की मेहनत का फैसला ..." अब संभावनाओं की दुनिया में गोते लगाएं तो नकारात्मक स्थिति पूरी मेहनत पर पानी फेर सकती है । यदि परीक्षा के दिन विद्यार्थी का स्वास्थ्य बिगड़ जाए या फिर तैयारी न होने से कोई बच्चा परीक्षा में शामिल न हो पाए तो जहां विद्यार्थी अवसाद में चला जाता है वहीं परिजन फिर एक वर्ष की फीस भरने के नाम पर आर्थिक संकट में उलझे देखे जा सकते हैं । सीधे शब्दों में कहूं तो नकारात्मक परिस्थिति के कारण पूरा वर्ष बर्बाद ! बोर्ड के नए फैसले के बाद अब वर्ष खराब होने की संभावना पर विराम लग सकता है। बोर्ड ने इस सत्र से कक्षा दसवीं की परीक्षा वर्ष में दो बार लेने का फैसला किया है । इस महत्वपूर्ण बदलाव के बाद विद्यार्थी को दो मौके अपनी गलती सुधारने के लिए मिल सकेंगे । अब विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार उचित प्रक्रिया अपनाकर दो परीक्षा के चलते अच्छे से अच्छा अंक प्राप्त कर सकते हैं । सीबीएसई ने दो बार परीक्षा वाला कदम नई शिक्षा नीति के तहत उठाया है । बोर्ड का विद्यार्थी हित में उठाया गया यह कदम " करो या मरो " जैसी स्थिति से परीक्षार्थियों को बड़ी राहत दे सकेगा। एक वर्ष में एक ही कक्षा के लिए दो परीक्षा अथवा दो मौके विद्यार्थियों को उनकी काबिलियत सिद्ध करने का अच्छा अवसर कहा जा सकता है । इस तरह का परिवर्तन उन विद्यार्थियों के लिए सोने पे सुहागा हो सकता है , जो एक ही अवसर के दबावों के चलते अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते थे । छात्रों के परीक्षा जैसे तवाव को खत्म करने में भी बोर्ड का यह फैसला ऐतिहासिक माना जा सकता है । बोर्ड द्वारा परीक्षा का पहला अवसर फरवरी में तथा दूसरा अप्रैल और मई में दिया जा सकेगा । यदि पहले प्रयास अर्थात फरवरी में विद्यार्थी के अंक कम रह गए हों तो वह इसमें सुधार के उद्देश्य से अप्रैल / मई की परीक्षा में पुनः शामिल हो सकता है । सबसे बड़ा फायदा उन विद्यार्थियों को होगा जो परीक्षा वाले दिन बीमार पड़ गए हों और परीक्षा में शामिल न हो पाए हों । कक्षा दसवीं के बच्चों के माता - पिता भी पहले बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर तनाव में देखे जाते रहे हैं । अब इस नए सिस्टम के चलते ऐसे माता - पिता बच्चों के साथ बैठकर अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बेहतर रणनीति बना सकते हैं । वे इस विषय पर मंथन कर पाएंगे कि उनका बच्चा किस सब्जेक्ट में कमजोर है और किसमें उसे दोबारा परीक्षा देकर अधिक अंक हेतु प्रयास करना चाहिए । यह नई विधि बच्चों के हृदय में समाए परीक्षा के भय और दबाव को भी कम कर सकेगी । अब विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का भी स्वरूप बदलने जा रहा है । नई उत्तर पुस्तिका तीन हिस्सों में होगी और इसी में उन्हें उत्तर लिखने होंगे ।



सीबीएसई बोर्ड ने बच्चों के हित में नए नियमों के तहत दो परीक्षा का जो प्रावधान बनाया है उसे अच्छा तो कहा जा सकता है , किंतु तैयारी का तरीका कैसा हो ? इस पर ग़भीर चिंतन की जरूरत है । बोर्ड द्वारा दिए जा रहे अवसर को प्रयोग के तौर पर लेना गलत हो सकता है । छात्रों को इस विचार से बचना चाहिए कि प्रथम अवसर माह फरवरी में होने वाली परीक्षा में शामिल होकर यह देख लेते हैं कि प्रश्न पत्र कैसा आता है ? दूसरी परीक्षा अप्रैल / मई में मेहनत करके परीक्षा देंगे । इस तरह का प्रयोग घातक हो सकता है । विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि प्रथम अवसर ही बेहतर है और उस पर अच्छे अंक के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दें । बावजूद इसके किसी विषय में कमजोरी रह जाए तो उसे दूसरे अवसर पर पूरी तैयारी के साथ सुधार लिया जाए । वास्तव में देखा जाए तो फरवरी माह में होने वाली पहली परीक्षा उस आईने की तरह होगी जो अपनी स्पष्ट तस्वीर आप दिखा सकेगी । इस परीक्षा में विद्यार्थी खुद को तौल सकेगा कि वह किस विषय में आशा के अनुरूप खरा नहीं उतर पाया है । यहीं वह अवसर मिलेगा जब विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में अपनी कमजोरी को दूर कर सकेगा ।

कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पहली बार शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों को बोर्ड के नए नियमों को भलीभांति समझना होगा । खास कर उत्तर पुस्तिका के मामले में अधिक सावधानी की जरूरत हैं। जहां प्रश्न पत्र तीन भागों में होंगे वहीं उत्तर पुस्तिका भी तीन भागों में विभाजित होगी । विद्यार्थियो को सावधानी बरतनी होगी कि वे जिस भाग के प्रश्न का उत्तर दे रहे हों , उसी भाग की उत्तर पुस्तिका में ही उत्तर दें । यदि परीक्षार्थी प्रश्न पत्र के ए भाग का उत्तर बी भाग की उत्तर पुस्तिका में देता है तो यह उसके लिए हानिकारक हो सकता है और उसे कोई अंक नहीं दिए जाएंगे। इस हेतु विद्यार्थियों को विषय शिक्षकों द्वारा जरूरी प्रशिक्षण की आवश्यकता भी होगी । अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका की पुरानी पद्धति पूरी तरह समाप्त कर दी गई है ! अब नए परीक्षा पैटर्न पर एक ही उत्तर पुस्तिका दी जाएगी और सारे प्रश्नों के उत्तर उसी पुस्तिका के निर्दिष्ट स्थान पर देने होंगे । विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए अनिवार्य रूप से एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से ही तैयारी करनी चाहिए । कारण यह कि सीबीएसई बोर्ड प्रश्न पत्र को तैयार कराने में एनसीईआरटी की पुस्तकों को ही तवज्जो देता है । समय प्रबंधन पर अधिक ध्यान देने की जरूरत भी है । कम से कम समय में अधिक प्रश्नों के उत्तर लिखने वाले प्रयास शुरू कर दिये जाने चाहिए।

# मोरल उत्कर्ष सम्मेलन में घोषणा, कोंडागांव में बनेगा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागांव,19 फरवरी।** मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सौजन्य से कोडागांव के आडिटोरीयम हॉल में 14 फरवरी को मोरल उत्कर्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो मोरल परिवार जनों का उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कम्पनीज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय कुमार शर्मा जी उपस्थित थे। उन्होंने ने बताया कि संस्था सन 2007 से है जो, गरिबी मुक्त भारत, बिमारी मुक्त भारत, भेदभाव मुक्त, बेरोजगारी मुक्त भारत के मिशन को लेकर पुरे भारत में 7 साल से निःस्वार्थ से आगे बढ़ रहा है। पुरे भारत में 25 लाख मोरल परिवार है। मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का संचालन 2028 तक होगा, जिसमे 10 से 40त्न की छुट की पात्रता होगी, क्षेत्र वासियो के लिए ओपीडी. सेवाएँ, निःशुल्क रहेगी, एव हॉस्पीटल से 20 किमी. की दूरी में सभी क्षेत्रो में निःशुल्क बस सेवाएँ उपलब्ध कराई जायेगी, जिसमें इलाज हेतु क्षेत्र के लोग आ सकेंगे और शाम को उसी बस से घर वापसी होगी एवं सैक?ड़ों परिवारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगी एव बस्तर की बेरोजगारी, आर्थिक स्थिती एव स्वावलम्बन के क्षेत्र में उन्नमुलन हेतु, जगदलपुर में सिटी वेस्टा होटल, रियलस्टेट, कोण्डागांव /नारायणपुर विधावन कैम्पस जिसमें बाल मुस्कान से अनुसंधान तक की तैयारियां होगी इस व्यवस्था को प्रारंभ करने की घोषणाएँ भी किया गया। जिससे मोरल परिवार एव क्षेत्र के लोगो में अपार हर्ष है । मोरल ग्रुप ऑफ कम्पनीज 19 वे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। जिसका 45 कम्पनीयाँ पुरे भारत में सेवारत है। जिसमें मिशन अमर के तहत रियल हॉस्पीटल प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत पुरे भारत में 108 हॉस्पीटल बनाने की तैयारी में है। जिसमे विते कुछ महिने पहले अलग अलग जगहों में 5 हॉस्पीटलों का भुमिपुजन का कार्य हो चुका है। इसी श्रृंखला में बस्तर संभाग के कोडागांव को चिन्हांकित कर भूमिपूजन की तैयारी की जा रही है। उक्त जानकारी केवल करन, सूर्यप्रसाद दीवान, योगेंद्र कुमार देवांगन द्वारा दी गई।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम से परिवार को मिला आर्थिक सहयोग

**दंतेवाड़ा, 19 फरवरी ।** साधारण बीमा कराये जाने सभी परिवारों के लिए अनिवार्य हो चला है । इससे हितग्राही परिवार को आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है जो परिवार का मानसिक सबंल के लिए पर्याप्त होती है। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत धुरली की निवासी स्वर्गीय श्रीमती पार्वती मरकाम के निधन उपरांत उनके परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत नामांकित हितग्राही श्री भीमा मरकाम को 2 लाख रुपये की बीमा दावा राशि का चेक केनरा बैंक शाखा भांसी द्वारा प्रदाय किया गया।

बीमा क्लेम की संपूर्ण प्रक्रिया में बैंक एवं एनआरएलएम टीम का सराहनीय एवं पूर्ण प्रयास रहा, जिसके परिणामस्वरूप हितग्राही परिवार को समय पर आर्थिक सहयोग प्राप्त हो सका। चेक वितरण के अवसर पर ग्राम पंचायत धुरली के सरपंच श्री विजय कुमार, एलडीएम श्री शिवराम बघेल, केनरा बैंक भांसी के शाखा प्रबंधक, तथा एनआरएलएम की टीम उपस्थित रही।

## नगर में बढ़ती अवैध गतिविधियां रोकने नागरिकों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 19 फरवरी ।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जुआ, नशाखोरी, ऑनलाइन सट्टा और चोरी जैसी गतिविधियों की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर आम नागरिकों के बीच चिंता का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों का मानना है कि इन गतिविधियों का असर सामाजिक वातावरण पर पड़ सकता है और विशेष रूप से युवा वर्ग प्रभावित हो सकता है।

इसी विषय को लेकर विभिन्न समाज के जागरूक नागरिकों ने दन्तेवाड़ा में पुलिस प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में नगर में बढ़ती अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए नियमित जांच अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने तथा आवश्यकतानुसार उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नशे और सट्टे की प्रवृत्ति से युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए समय रहते प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। साथ ही नागरिकों ने प्रशासन से जागरूकता अभियान चलाने और समाज के सहयोग से सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की अपील की है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह विषय केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ी के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

## एक नजर

### सरकारी काम बाधित किया,4 गिरफ्तार



**भिलाई, 19 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई फर्जी पुलिस अफसर बनकर फोन कर सरकारी काम में बाधा पैदा करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि सोहम सिटी महमरा निवासी अजय बहादुर ने अपनी उधारी रकम मांगने के विवाद को लेकर छतर सिंह उर्फ राजू देशलहरे ने अपने मोबाइल से चौकी अंजोरा का डीपी लगाकर उसे कॉल किया चारों युवकों में ग्राम सकरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव निवासी खिलेश्वर रजक, टोमन निषाद, चेतन राम साहू, ग्राम तनोट अंजोरा छतर सिंह उर्फ राजू देशलहरे को पकड़ा गया। छतर पीड़ित को अंजोरा पुलिस चौकी का अफसर बनकर पीड़ित को कॉल किया था। संदेह होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत किया। छतर ने पूछताछ में अन्य तीन युवकों का नाम बता दिया।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग 21 फरवरी को

**कांकेर, 19 फरवरी।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर व आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिये 21 फरवरी को लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है वे इस काउंसिलिंग में शामिल होकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 04 पासपोर्ट साइज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउंसलिंग में उपस्थित होने कहा गया है।

### अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष 24 फरवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे

**कांकेर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी आगामी 24 फरवरी को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंडावी 24 फरवरी को सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे तथा सामाजिक प्रमुख जनों से भेंट-मुलाकात करेंगे। तद्पश्चात वे दोपहर 2.30 बजे से कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का विभागवार समीक्षा करेंगे। तदुपरांत वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ग्राम पंचायत गुड़से में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**दंतेवाड़ा, 19 फरवरी ।** जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत गुड़से में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनप्रतिनिधियों द्वारा माँ दंतेश्वरी की तस्वीर पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गई। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मांगों व शिकायतों के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म संपन्न कराई गई तथा शिशुवती माताओं के साथ आए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने वीबीजीआरएमजी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी दी तथा पाम्पलेट वितरित कर ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया। शिविर में 40 नए आधार कार्ड बनाए गए तथा 13 नए बैंक खाते खोले गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 33 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शिविर में मौजूद रहे।

## आईगॉट कर्मयोगी का बस्तर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण 20 फरवरी को

**जगदलपुर, 19 फरवरी ।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार आईगॉट कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 20 फरवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 12.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार जगदलपुर में बस्तर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई है।

कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से सुश्री अंजू सिंह अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं नोडल अधिकारी आईगॉट कर्मयोगी द्वारा अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आईगॉट प्लेटफॉर्म पर पंजीयन, कोर्स चयन, अनिवार्य एवं विभागीय पाठ्यक्रमों की जानकारी, प्रगति मॉनिटरिंग तथा क्षमता निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर बस्तर सहित बस्तर जिले के सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं बस्तर संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। संबंधित जिलों के नोडल अधिकारी एवं विभागीय प्रतिनिधि भी प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करेंगे। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग हेतु प्रेरित करना, उनकी कार्यकुशलता एवं दक्षता में वृद्धि करना तथा शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को गति प्रदान करना है। यह पहल कर्मयोगी अवधारणा के अनुरूप प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों में निरंतर अधिगम की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे सुशासन के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलेगी।

### जिले में वीबी जी राम जी योजना ग्रामीण रोजगार की नई क्रांति

**दंतेवाड़ा, 19 फरवरी ।** जिला पंचायत द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ आदिवासी बहुलता, घनघोर वनों और विकास की चुनौतियाँ एक साथ विद्यमान हैं। यहाँ के ग्रामीणों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''विकसित भारत जी राम जी'' (वीबी जी राम जी) एक वरदान साबित हो रही है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को मजबूत बनाते हुए 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिनों की रोजगार गारंटी प्रदान करती है, जिसे जिले के हर गाँव तक रोजगार पहुंचाने का लक्ष्य है। बीबीजी राम जी योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण परिवारों को वर्ष में कम से कम 125 दिनों का सुनिश्चित मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना है। पहले मनरेगा के तहत केवल 100 दिन मिलते थे, लेकिन अब यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ जल संरक्षण, सड़क निर्माण, ड्रेनेज और आजीविका परिसंपत्तियों जैसे उत्पादक कार्यों पर जोर देती है। दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित जिले में यह योजना पलायन रोकने और स्थानीय विकास को गति देने का माध्यम बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम सभा को कार्य चयन का पूर्ण अधिकार दिया गया है, जिससे कम से कम 50 प्रतिशत काम पंचायत स्तर पर ही तय होते हैं। किसानों के हित में बुवाई-कटाई के मौसम में 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकते हैं, ताकि खेती प्रभावित न हो। इसके अलावा, मजदूरी भुगतान 7 दिनों के अंदर अनिवार्य है, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।




## आड़ावाल में जल प्रबंधन और स्वच्छता कार्यों का अवलोकन कर यूनिसेफ ने की सराहना

**जगदलपुर, 19 फरवरी ।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल और स्वच्छता के मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल देखी गई। यूनिसेफ की जल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुश्री स्वेता पटनायक ने आड़ावाल ग्राम पंचायत का सघन भ्रमण कर ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली और स्वच्छता ढांचे का बारीकी से निरीक्षण किया। उनके इस प्रवास की शुरुआत समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें सरपंच, उपसरपंच, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक और श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के प्रतिनिधियों सहित पंचायत की पूरी टीम ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान सुश्री पटनायक ने पंचायत के विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि ग्रामीण स्तर पर जल और स्वच्छता सेवाएं न केवल उपलब्ध होनी चाहिए, बल्कि वे सतत और सुदृढ़ भी हों। चर्चा के मुख्य केंद्र में घर-घर नल कनेक्शन की स्थिति और फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण जैसे तकनीकी विषय रहे। साथ ही उन्होंने पंचायत की वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए जल एवं स्वच्छता कर की वसूली स्थिति की समीक्षा की और इस पूरी प्रक्रिया में स्वच्छता ग्राहियों, पंप ऑपरेटरों तथा जल वाहिनी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को सराहा।संवाद के पश्चात जमीनी हकीकत परखने के लिए सुश्री पटनायक ने समूचे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए बनाए गए सेग्रीगेशन शेड का निरीक्षण किया और घर-घर जाकर नल कनेक्शनों के माध्यम से हो रही जलापूर्ति की गुणवत्ता देखी। कचरा संग्रहण की व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने स्थानीय टीम को स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत में स्थायी विकास तभी संभव है जब सभी हितधारक जागरूक रहकर समन्वित प्रयासों के साथ काम करें, जिससे भविष्य में ग्राम पंचायत आड़ावाल स्वच्छता और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत कर सके।

## जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा के लिए जिले के 28 छात्र क्वालीफाई

**कांकेर, 19 फरवरी ।** जेईई मेंस प्रथम सेशन में भाग लिए छात्र छात्राओं में से गत सत्रों के पर्सेंटाइल के आधार पर जिले से 28 छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा हेतु क्वालीफाई करेंगे। जेईई के पिछले सत्र के पर्सेंटाइल जनरल 93.23, ओबीसी 79.676, एससी 60.092 एवं एसटी हेतु 46.698 पर्सेंटाइल रहा। इस सत्र में जिले में इन 28 छात्रों में से 01 छात्र ओबीसी तथा 26 छात्र एसटी, एवं 01 एससी संवर्ग से है जिनमें जेईई में 13 छात्रा एवं 15 छात्र, इस प्रकार कुल 28 विद्यार्थी क्वालीफाइड हुए हैं। सभी क्वालीफाइड छात्र जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरनत हैं इनमें से 05 छात्र प्रयास से और शेष 23 छात्र शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत है। जिले के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इन बच्चों एवं इनके शिक्षकों व पालकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जेईई परीक्षा द्वितीय सेशन एवं जेईई एडवांस की तैयारी हेतु विशेष आवासीय निःशुल्क कोचिंग बोर्ड परीक्षा उपरांत प्रारंभ किया जाएगा जिससे कि जिले से अधिक से अधिक बच्चों का चयन हो सकें।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र सौरभ कुमार मंडावी ने 82.34 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान बनाया है, वहीं शासकीय उमावि भीरागांव की कु. चंचल जो कि आदिवासी छात्रा है, ने 76.840 अंक व शास उमावि भिरागांव से ही हर्षल कुमार ने 75.980 तथा भूपेन्द्र कुमार महावे ने 73. 03 अंक प्राप्त किया। इसी तरह पीएमश्री दुर्दुकोंदल के भूपेश कुमार कोमरा ने 71.99 अंक, शास. उमावि अमोड़ा से कु. पायल ने 69.71 अंक, हायर सेकंडरी लोहत्तर से भावेश कुमार को 67.45 अंक प्राप्त हुए। इसके अलावा कोण्डे का छात्र रोशन गोटा को 56.75 अंक मिले।इस संबंध में बताया गया कि जेईई मेंस क्वालीफाई करने वाले छात्रों को एसटी संवर्ग को बोर्ड कक्षा अर्थात 12वीं में 65 प्रतिशत या अधिक अंक लाना आवश्यक होता है। जेईई क्वालीफाई करने वाले छात्रों में कमशः अंतागढ से 06, भानुप्रतापपुर से 03, चारामा से 02. दुर्गूकोंदल से 07. कांकेर से 05 जिसमें प्रयास के ही 05 बच्चे हैं, जबकि नरहरपुर से 05, कुल 28 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कांकेर जिला लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, चाहे जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा हो या एनएमएमएससी छात्रवृत्ति परीक्षा जिसमें गत वर्ष 326 छात्र चयनित हुए और अब जेईई मेंस हेतु 28 बच्चों का चयन होना हर्ष का विषय है। जिले में अभी जेईई एवं नीट परीक्षा हेतु छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है तथा निश्चित तौर पर इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों निर्देशित किया है कि 25 फरवरी 2026 के पूर्व जेईई द्वितीय सेशन हेतु पंजीयन करा लिया जावे। जेईई मेन्स परीक्षा मई 2025 में आयोजित होगी, जिसके लिए प्रवेश परीक्षा हेतु शुल्क की प्रतिपूर्ति जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। प्राचार्य एवं एक नोडल व्याख्याता को ही उपरोक्त प्रक्रिया करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 27 फरवरी को

**कांकेर, 18 फरवरी ।** जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

## तिलहन किसान मेला में जैविक व आधुनिक खेती की जानकारी दी

**कांकेर, 19 फरवरी।** कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी को जिला स्तरीय तिलहन किसान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र कांकेर के विधायक श्री आशाराम नेताम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा तथा पूर्व सांसद श्री मोहन मंडावी उपस्थित रहे। इस दौरान तिलहन एवं दलहन फसलों की उन्नत खेती, फसल चक्र अपनाने, जैविक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने किसानों को धान के स्थान पर तिलहन-दलहन की खेती, पशुपालन, मुर्गीपालन एवं सब्जी उत्पादन से आय बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री मटियारा द्वारा उपस्थित कृषकों को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों ने तिलहन उत्पादन, जैविक खेती, कीटनाशक प्रबंधन तथा आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर मार्गदर्शन दिया।



### बहुदिव्यांग छात्रा गुंजन को मिली व्हीलचेयर, अब नियमित जा सकेगी स्कूल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर की प्राथमिक शाला सलिहापारा तुएगुहान में कक्षा दूसरी की बहुदिव्यांग छात्रा कु. गुंजन चुरेन्द्र को व्हीलचेयर एवं एम.आर. किट प्रदान की गई। समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्हीलचेयर मिलने से छात्रा के दैनिक जीवन में सुगमता आएगी तथा विद्यालय आने-जाने में अब उसे काफी सुविधा होगी ।

## कोटपा एक्ट के तहत भानुप्रतापपुर, संबलपुर, केंवटी में 23 का चालान काटा

**कांकेर, 19 फरवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार कोटपा एक्ट के तहत स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आज तंबाकू उत्पाद एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए भानुप्रतापपुर, संबलपुर और ग्राम केंवटी में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों एवं स्कूल के आसपास चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान स्कूल के आसपास 100 गज की दूरी में तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई जिसमें कल 23 चालान काटे गए एवं 3100 रूपए की चालान राशि वसूल की गई। साथ ही स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलाई गई। स्कूलों में कोटपा एक्ट-2003 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादन के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिगों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, उससे होने वाले दुष्प्रभावों, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध संबंध में जानकारी भी दी गई।



# विवेचकों के प्रशिक्षित होने से अपेक्षित नतीजे मिलने में आसानी होगी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 फरवरी ।** दुर्ग पुलिस द्वारा मिशन विश्वास के तहत यूनिसेफ के सहयोग से आज भिलाई टाउनशिप के टीए बिल्डिंग में बाल संरक्षण क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग पुलिस के बाल कल्याण अधिकारी जेजे एक्ट और पाक्सो एक्ट की बारिकियों से अवगत हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्ग पुलिस के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विवेचकों के प्रशिक्षित होने से बाल व किशोर अपराध के मामले में विवेचना व न्याय प्रक्रिया में सुधार आने से अपेक्षित नतीजा मिलने में आसानी होगी कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल के निर्देशन में आज 19 फरवरी को दुर्ग पुलिस ने यूनिसेफ के सहयोग से पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बाल संरक्षण, चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग, पॉक्सो एक्ट एवं जुवेनाइल जस्टिस एक्ट (किशोर न्याय अधिनियम) पर टीए बिल्डिंग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया दिल्ली से आए विषय विशेषज्ञ यूनिसेफ सलाहकार नमिशा श्रीवास्तव एवं उर्वशी तिलक द्वारा कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया। नमिशा श्रीवास्तव द्वारा किशोर न?याय अधिनियम के अंतर्गत बालकों व किशोरों के हित को ध?यान में रखते हुए न?यायिक प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा जेजे एक्ट के विभिन्न प्रारूपों एवं प्रावधानों से अवगत कराया गया। वहीं उर्वशी तिलक ने केस स्टडी के माध्यम से पॉक?सो एक्ट के मुख्य प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने पॉक?सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित बालकों के चिकित?सीय परीक्षण एव बेहतर पुर्नवास प्रक्रिया संबंधी विषय पर चर्चा की गई इस अवसर पर कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह ने कहा कि कानून की बारीक पहलूओं की जानकारी नहीं होने तथा कुछ भ्रांतियों के चलते नतीजा अपेक्षित नहीं मिल पाता है। इस प्रशिक्षण शिविर के बाद विवेचना व न्याय प्रक्रिया में अपेक्षित सुधार देखने को मिलेगा उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दुर्ग पुलिस की सराहना की दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में किशोर व बालकों से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ पुलिसिंग करने के साथ महिला बाल विकास विभाग एवं स्वयंसेवी संगठनों से समन्वय स्थापित करने के लिए प्रोत?साहित किया गया। उनके पुलिस अधिकारियों को अधिनियमों एवं उनसे जुड़े प्रावधानों की सटीक जानकारी रखने, बालकों से संबंधित अपराधों की रोकथाम करते हुए पीड़ितों को मुख्यधारा में लाने हेतु प्रेरित किया गया।






# अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में महिला जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज प्रशिक्षण दिया

**तिल्दा-नेवरा ,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अल्ट्राटेक सीमेंट की बैकुंठ इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एक दिवसीय पंचायती राज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिट के स्टाफ क्लब में आयोजित हुआ, जिसमें आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) इकाई के माध्यम से किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम डीएचएचआर जितेंद्र सिंह तनवर के संयुक्त मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण हेतु मुख्य प्रशिक्षिका के रूप में जिला पंचायत रायपुर की सभापति स्वाति वर्मा उपस्थित रहीं। उनके मार्गदर्शन में सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण के अलावा कार्यरत महिला प्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा सामाजिक दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों के चेहरों पर सीखने और अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने का उत्साह स्पष्ट रूप से झलक रहा था। अपने संबोधन में जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की




आधारशिला हैं। यदि वे आशावादी, प्रयत्नशील और जागरूक बनकर अपने कार्यकाल में कार्य करें तो गांव और समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने सरल एवं सहज भाषा में पंचायती राज व्यवस्था की संरचना, निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा ग्राम विकास योजनाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने यह भी बताया कि सामाजिक संरचना में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिवार से लेकर समाज तक, हर स्तर पर महिलाएं जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन करती हैं। ऐसे में जब वे जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करती हैं तो उनके अनुभव और संवेदनशीलता से समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है। इस अवसर पर डीएचएचआर जितेंद्र सिंह तनवर ने अपने संबोधन में कहा कि एक महिला जिस प्रकार अपने परिवार के छोटे-बड़े सभी सदस्यों की आवश्यकताओं का ध्यान रखती है और बड़ी जिम्मेदारियों को समझदारी से निभाती है, उसी प्रकार यदि वह गांव या समाज का प्रतिनिधित्व करती है तो वह अपने क्षेत्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकती है।

उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व से पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना मजबूत होती है। प्रशिक्षण सत्र के समापन पर उपस्थित सभी महिला जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन में सीएसआर अधिकारी सोनाली गवारगुर एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रकार अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ की यह पहल न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम साबित हुई, बल्कि ग्रामीण नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक प्रेरणादायी प्रयास रही।

# कार्यशाला में शिक्षकों और छात्रों को तनाव प्रबंधन की जानकारी दी

**बलौदाबाजार ,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्पन्न तनाव प्रबंधन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन जिले के शिक्षकों हेतु किया गया। इसमें दो बैच में कुल 80 शिक्षक शामिल हुए जो आगे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला में जिला मानसिक रोग शाखा से उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि परीक्षा के समय बच्चों में तनाव, डर, घबराहट और बेचैनी होना सामान्य बात है,लेकिन सही जानकारी और सही सहयोग से इसे आसानी से संभाला जा सकता है और किसी ख़तरे से बचा जा सकता है।माता -पिता की उम्मीदें, समय प्रबंधन में कमी,पढ़ाई का बोझ ,प्रतियोगिता का भय,नींद की कमी,सोशल मीडिया और मोबाइल का ज्यादा उपयोग ये कुछ ऐसे कारण है जिससे छात्रों में परीक्षा के समय तनाव पैदा होता है। अगर छात्र मानसिक तनाव में हैं तो उनमें घबराहट ,सिर दर्द,थकान,नींद न लगना के साथ-साथ,निराशा,उदासी,अकेलापन,चिड़चिड़ापन ,पढ़ाई में मन न लगना जैसे लक्षण प्रकट होते हैं।ऐसी स्थिति में विद्यालय के शिक्षकों सहित माता-पिता की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में शिक्षक बच्चों को प्रेरित करें,डर का माहौल न बनाएं, पर खुलकर बात करे।आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मदद लें।किसी प्रकार की सहायता के लिए Tele-MANAS हेल्पलाइन (24×7): 14416 पर कॉल करें। यह पूरी तरह निःशुल्क और गोपनीय है । कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी,सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा,नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य डॉ प्रशांत वर्मा ,जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सृष्टि मिश्रा ,अस्पताल सलाहकर रीना सलूजा ,सोशल वर्कर रोशन लाल,क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोहिंदर धृतलहरे उपस्थित रहे।

# तिल्दा नेवरा में 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत नशीले पदार्थों के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन निश्चय" के अंतर्गत मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अपराधियों की बदलती कार्यप्रणाली पर त्वरित एवं सटीक कार्रवाई करते हुए थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र से एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 02 किलो 250 ग्राम गांजा, 480 नग प्रतिबंधित टेबलेट (नाइट्रोसन) एवं 01 नग आईफोन के साथ-साथ मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल बरामद किए गए हैं। प्रकरण में आरोपी के कब्जे से जप्त मादक पदार्थ गांजा, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, आईफोन व मोटर सायकल सहित मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 4,04,500/- रूपये है। आरोपी युवक के विरुद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कल दिनांक 17.02.2026 को थाना तिल्दा नेवरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल स्पेलेंडर क्रमांक सीजी 04 पी.सी. 3397 में एक युवक अपने पीठ पर एक काले रंग के पीठू बैग रखा है जिसके अंदर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली प्रतिबंधित टेबलेट रखकर बिक्री करने हेतु सासाहोली से अंडरब्रिज से होकर




तिल्दा की ओर आने वाला है।जिसकी सूचना के उपरांत थाना तिल्दा नेवरा पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकडा गया जो अपना नाम हर्ष सोनी निवासी वार्ड क्र0 22 तिल्दा का रहने वाला बताते हुये अपने बैग में मादक पदार्थ एवं नशीली टेबलेट रखना स्वीकार किया। पीठू बैग की तलाशी के दौरान मादक पदार्थ गांजा, प्रतिबंधित टेबलेट रखे मिला। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने मादक पदार्थ एवं प्रतिबंधित टेबलेट अपने कब्जे में रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी - हर्ष सोनी पिता मोन्टू उर्फ मन्टू सोनी उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्र0 22 तिल्दा बस्ती थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर.

# गुमटीनुमा होटल में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, एक बुजुर्ग घायल

**तिल्दा नेवरा,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

तिल्दा बस्ती क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास स्थित एक गुमटी नुमा होटल में देर रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा देने की घटना सामने आई है। आगजनी में होटल पूरी तरह जलकर राख हो गया, वहीं अंदर सो रहे एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 22 निवासी शकुन तिवारी द्वारा रेलवे फाटक के समीप चाय-नाश्ता एवं फल आदि की छोटी होटल संचालित की जाती थी। बुधवार देर रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने होटल में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरा ढांचा और अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया।

घटना के समय होटल के अंदर रमेश दुबे (उम्र लगभग 55 वर्ष) सो रहे थे, जो आग की चपेट में आकर झुलस गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला और मिशन अस्पताल तिल्दा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उल्लेखनीय है



कि होटल संचालिका शकुन तिवारी अस्वस्थ बताई जा रही हैं। कुछ दिन पूर्व उनकी पुत्री के खिलाफ पुलिस ने घर से गांजा एवं नशीली टैबलेट बरामद कर मामला दर्ज किया था, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया था। हालांकि वर्तमान आगजनी की घटना का उक्त प्रकरण से कोई संबंध है या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। सूचना मिलते ही देर रात नेवरा पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# तिल्दा नेवरा से निकली विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**तिल्दा नेवरा,19 फरवरी.** विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का प्रथम दिवस सारागांव में बहुत ही उत्साह और समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाज और धर्मों के सम्माननीय नागरिकों के साथ समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। यह पदयात्रा परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के "मनखे-मनखे एक समान" के संदेश को साकार करने के लिए निकाली जा रही है, जो समाज में समता, सौहार्द और आध्यात्मिक चेतना का प्रकाश फैलाने का कार्य कर रही है।

**गुरु खुशवंत साहेब ने बताया कि यात्रा के मुख्य उद्देश्य** -समरसता भोज का आयोजन- विभिन्न समाज और धर्मों के नागरिकों का सम्मा- परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के संदेश का प्रचा- समाज में समता, सौहार्द और आध्यात्मिक चेतना का प्रकाश फैलाना विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा के शुभारंभ समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति



उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं:- मुख्यमंत्री विष्णु देव सायः उन्होंने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब*: वे सतनामी समाज के प्रमुख धार्मिक नेता हैं।-विधायक ललित चंद्राकर* और विधायक मोतीलाल साहूः वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य हैं।फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन*: वे फिल्म उद्योग से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक और जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल:वे स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी हैं। धरसीवां विधायक अनुज शर्मा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग अंजय शुक्ला सहित संत समाज के प्रतिनिधि* और सर्व समाज के प्रबुद्धजन भी उपस्थित थे

प्रथम दिवस का पड़ाव सारागांव में था। विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का शुभारंभ 18 फरवरी को रायपुर के सतनाम भवन से हुआ, जो जैतखाम और गुरुगद्दी की ओर बढ़ी। इसके बाद सेमरिया, दोंदेखुर्द और दीदेंकला होते हुए पदयात्रा सारागांव पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया

दूसरे दिन की शुरुआत 19 फरवरी 2026 को गुरुवार को सुबह हुई.आज 19 फरवरी 2026 है, जो विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का दूसरा दिन है। यह पदयात्रा सारागांव से शुरू हुई. यह पदयात्रा 18 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक चलने वाली है, जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है. बंगोली, खरोरा कनकी में यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जा रहा हे. तिल्दा ब्लॉक के गांव बंगोली में पद यात्रा का जिला पंचायत अध्यक्ष एव ग्रामीणों ने किया स्वागत विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का बंगोली में विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत, सम्मान और अभिनंदन से पदयात्रियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

समाज के हर वर्ग युवा, महिला, वरिष्ठजन एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित सरपंच पंच विद्यार्थियों ने गुरु खुशवंत साहेब का भव्य स्वागत किया.यह जनसमर्थन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि समानता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश अब जनमानस के हृदय में गहराई से स्थापित हो रहा है। "बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे–मनखे एक समान" का पावन संकल्प समाज को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# वन प्रबंधन समिति की बैठक में अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी

**बलौदाबाजार ,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों की वन प्रबंधन समितियों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में आगामी फायर सीज़न को दृष्टिगत रखते हुए वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा, बुझाने में सहयोग करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठकों में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को फायर अलर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि वनाग्नि की सूचना समय पर प्राप्त हो सके। कई ग्रामों में समिति निधि से अतिरिक्त सुरक्षा श्रमिक रखने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिससे फायर सीज़न के दौरान निगरानी और




ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर निर्णय लिया जा रहा है। वन प्रबंधन समितियाँ सुरबाय, बरबसपुर, मूढ़ीपार, पिपरचेड़ी, पाथियापाली, चरौदा (ब), लोरिदखार, खुड़मुड़ी, गबौद सहित अन्य ग्रामों में आयोजित बैठकों के दौरान वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। विशेष रूप से महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने, सूखे पत्तों को ब्लोवर अथवा झाड़ू से साफ कर सुरक्षित ढंग से महुआ बीनने, खेत-खलिहानों में पराली न जलाने तथा आग लगने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने और आग सुदृढ़ हो सके। कुछ समितियों द्वारा ग्राम विकास कार्यों हेतु समिति खाते से राशि उपयोग करने के प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। किसान वृक्ष सम्पदा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति व्यक्त की। मधुमक्खी पालन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और कई ग्रामीणों ने इसमें रुचि दिखाई। मानव-वन्यजीव द्वंद्व की स्थिति में तत्काल सूचना देने, अवैध कटाई, शिकार, अतिक्रमण एवं उत्खनन की रोकथाम में सहयोग करने तथा पालतू कुत्तों की पहचान सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

# साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार ,19 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रार्थी महेंद्र कुमार त्रिपाठी निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12.12.2025 को इसके मोबाइल नंबर पर आरोपी मोबाइल नंबर से एक मैसेज आया, जिसे प्रार्थी द्वारा डिलीट कर दिया गया। उसके बाद पुनः दिनांक 14.12.2025 को मोबाइल पर मैसेज आया जिसमें डियर कस्टमर इस योर वन टाइम पासवर्ड प्लीज एंटर एवं प्रोसीड थैंक यू, टीम जिओ फाइनेंस लिखा हुआ था। इसके बाद प्रार्थी के भारतीय स्टेट बैंक गार्डन चौक बलौदाबाजार स्थित बैंक खाता से 04 बार में कुल ₹3,74,000 निकल जाने का मैसेज प्राप्त हुआ। प्रार्थी के बैंक खाता से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मैसेज आदि भेज कर ₹3,74,000 निकालते हुए साइबर फ्रॉड की घटना को अंजाम दिया गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 101/2026 धारा 318(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक



श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए आरोपी द्वारा प्रार्थी के मोबाइल में भेजे गए मैसेज एवं स्टेट बैंक बलौदाबाजार से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया गया, जिसके आधार पर तकनीकी विश्लेषण करते हुए कोलकाता से आरोपी शौविक राजवंशी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी को मैसेज भेजते हुए धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा यह भी बताया गया कि उसके बंधन बैंक स्थित खाते में धोखाधड़ी की रकम जमा होती है, जिसके बदले में उसे कमीशन के रूप में पैसा प्राप्त होता। कि प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपी- शौविक राजवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सोदपुर इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 112 थाना खोरदा जिला नाथ 24 परगना कोलकाता पश्चिम बंगाल

## मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,19 फरवरी।** दिनांक 17.02.2026 को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिला कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलौदाबाजार शहर में मेन मार्केट के पास राहुल चौहान के साथ मारपीट किया गया है, जिसे इलाज हेतु बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। तत्पश्चात गंभीर हालत में उसे उचित इलाज हेतु अस्पताल रायपुर में रेफर किया गया है। आहत के परिजनों से विस्तृत पूछताछ पर उनके द्वारा आरोपी वैष्णव पंडा द्वारा आहत राहुल चौहान के सांथ मारपीट करना बताया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 141/2026 धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी वैष्णव पंडा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से, आहत राहुल चौहान के ऊपर प्राण घातक वार करते हुए, उसके सिर में गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया।

## आईटीआई सकरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बलौदाबाजार,19 फरवरी.कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत आईटीआई सकरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, कॉलेज, आईटीआई के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### जिले के उत्खनन प्रभावित वनांचल की बदलेगी तस्वीर, 32 करोड़ 12 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 14 सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

# डीएमएफ मद से आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के उत्खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्र घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विकासखंड की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुदूर एवं आदिवासी बहुल ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। सुदूर एवं आदिवासी बहुल ग्रामों को अब मजबूत और टिकाऊ सड़कों से संपर्क जोड़ने जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 32 करोड़ 12 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 14 सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रगतिरत हैं। इन परियोजनाओं का लक्ष्य केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करना है। लंबे समय से कच्चे, उबड़-खाबड़ और बरसात में बाधित होने वाले मार्गों के कारण ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंचने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब इन सड़कों के निर्माण से बारहमासी आवागमन सुनिश्चित हो सकेगा और ग्रामीण जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आएगा। धरमजयगढ़ विकासखंड में सेमीपाली से कोंध्रा, ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी, ससकोबा पाराघाटी रोड से बैगापारा तथा ग्राम पंचायत पुसल्दा से चितापाली तक सड़क एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। तमनार विकासखंड में पतरापाली से बरकसपाली, अमलीढोढ़ा पीएमजीएसवाई रोड से समकेरा गौरबहरी, पालीघाट तमनार से जोबरो, टी-10 बरकसपाली से रेगालबहरी तथा कांटाझरिया से सलिहारी तक मार्ग निर्माण कार्य संचालित हैं।

घरघोड़ा क्षेत्र में तुमीडीह से छर्राटांगर, कुडुमकेला से पुरी तथा घरघोड़ा-लैलूंगा मुख्य मार्ग से कुरूंखोल तक सड़क निर्माण कार्य जारी है। लैलूंगा विकासखंड में गहनाझरिया-सुकवासुपारा से लभनीपारा और खरसिया विकासखंड में खड़गांव से गोड़पार बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन मार्गों के तैयार होने से दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क मुख्य सड़कों से स्थापित होगा और आंतरिक ग्रामीण संपर्क मार्गों को स्थायी मजबूती मिलेगी।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने पिछले दिनों जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार विकासखंड अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत पतरापाली से बरकसपाली मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के सख्त निर्देश दिए। सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि सड़कों का यह नेटवर्क आदिवासी एवं दूरस्थ ग्रामों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा। विद्यार्थियों को विद्यालय और महाविद्यालय तक पहुंचने में सुविधा होगी, मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में सहूलियत प्राप्त होगी। आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस और राहत दलों की पहुंच भी सुनिश्चित होगी।उल्लेखनीय है कि वर्षों से कई गांव ऐसे रहे हैं जहां वर्षा ऋतु में भारी परेशानियों का सामना करना करना पड़ता था। गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों और स्कूली बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पक्की एवं टिकाऊ सड़कों के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट परिसर में नई पार्किंग व्यवस्था लागू, छह जोन निर्धारित

**रायगढ़, 19 फरवरी ।** कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नई पार्किंग व्यवस्था लागू की है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग छह पार्किंग जोन निर्धारित किए गए हैं।

जारी निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। यदि कोई वाहन निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं और खड़ा पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही पार्किंग ठेकेदार को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में आने वाले सभी वाहन निर्धारित स्थानों पर ही व्यवस्थित रूप से खड़े कराए जाएं।नई व्यवस्था के तहत जिला कोषालय के पीछे पार्किंग 01 में कोषालय, खाद्य, नजरात, एनआईसी, खनिज, सांख्यिकी शाखा के कर्मचारी अपना वाहन रखेंगे। इसी जिला कोषालय के सामने बाउण्ड्री बॉल के पास पार्किंग 02 में शिकायत, राहत-आपदा, डीएमएफ, लोक सेवा केंद्र एवं जनदर्शन शाखा के शासकीय दोपहिया वाहन खड़े किए जाएंगे। पार्किंग निर्मित शेड को पार्किंग 03 के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां वित्त शाखा, अधीक्षक, स्टेनो कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, कैंप कोर्ट तथा कक्ष क्रमांक 26, 27 एवं 28 से संबंधित वाहनों की पार्किंग होगी। छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा के सामने स्थित स्थल को पार्किंग 04 के रूप में निजी चार पहिया वाहनों के लिए आरक्षित किया गया है। सुलभ जन सुविधा केंद्र के सामने पार्किंग 05 में शासकीय एवं निजी दोपहिया वाहन खड़े किए जाएंगे, जिनमें श्रम, ट्राइबल, निर्वाचन, डीएमसी, नजूल, भू-अर्जन, पोस्ट ऑफिस एवं आबकारी विभाग से संबंधित वाहन शामिल हैं। वहीं पीएनबी एटीएम के सामने पानी टंकी के पास पार्किंग 06 में शासकीय चारपहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। वाहन पार्किंग ठेकेदार कार्यालयीन कार्य से आने वाले आमजनों की वाहन को पार्किंग क्रमांक 4 एवं 5 में सुव्यवस्थित रखने का दायित्व होगा।

### कुरमापाली में पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरमापाली में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए नई एजेंसी नियुक्त की जाएगी।इस संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ़ द्वारा इच्छुक सहकारी समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य पात्र उपभोक्ता संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक आवेदक 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक शर्तों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, रेल सुरक्षा और नार्कोस के तहत मंडल में सघन चेकिंग अभियान

# आरपीएफ ने गांजा तस्कर और शातिर चोरों समेत 8 आरोपियों को पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 19 फरवरी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नागपुर मंडल ने रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत मात्र 24 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, ऑपरेशन रेल सुरक्षा और ऑपरेशन नार्कोस के तहत कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राजनांदगांव में 15 फरवरी की मध्यरात्रि प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर यात्रियों की रेकी करते तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में कोई वैध टिकट न मिलने पर उन्हें जीआरपी डोंगरगढ़ के सुपुर्द किया गया। वहीं बालाघाट में 17 फरवरी को गाड़ी संख्या 11754 में संदिग्ध अवस्था में चढ़ रहे एक युवक को दबोचा गया। जांच में पता चला कि आरोपी पर 2016 से 2023 के बीच चोरी और आर्मस एक्ट के कुल 08 मामले दर्ज हैं। गोंदिया स्टेशन पर आरपीएफने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस (18109) से एक महिला तस्कर को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग से 10 किलो 335 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 5, 16, 750 रुपये आंकी गई है। आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नैनपुर क्षेत्र के ग्वारीघाट स्टेशन पर सिग्नल रूम (नॉर्थ गुमटी) का ताला तोड़कर केबल क्षतिग्रस्त करने वाले तीन आरोपियों को श्वान दस्ते और सीसीटीवी फुटेज की मदद से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई महानिरीक्षक मुनव्वर खुर्शीद के निर्देशन और मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चन्द्र आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

### भुईयां व्हाट्सएप्प चैटबॉट से ले सकेंगे घर बैठे राजस्व सेवाओं का लाभ

**रायगढ़, 19 फरवरी।** राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए भुईयां व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना है। अब जमीन से जुड़े कार्यों के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि वे घर बैठे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। चैटबॉट सेवा के जरिए नागरिकों को जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित विवरण, मोबाइल नंबर जोड़ने की सुविधा, आधार नंबर जोड़ने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब के लिए आवेदन तथा नामांतरण से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह डिजिटल व्यवस्था पारंपरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए समय और श्रम दोनों की बचत सुनिश्चित करेगी।आम जनता इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए व्हाट्सऐप नंबर 72890-56060 पर संदेश भेज सकते हैं। संदेश भेजते ही चैटबॉट स्वचालित रूप से आवश्यक विकल्प उपलब्ध कराएगा और चरणबद्ध तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करेगा। नागरिक उन विकल्पों को चुनकर राजस्व संबंधी सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगी। डिजिटल माध्यम से सेवाओं की उपलब्धता से न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होंगी,

# आईएमए रायगढ़ ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 100 बेडशीट प्रदान की



**रायगढ़, 19 फरवरी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) रायगढ़ द्वारा सामाजिक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में 100 चादर (बेडशीट) प्रदान की गईं।

यह सहयोग मरीजों की सुविधा और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.संतोष कुमार ने आई.एम.ए. रायगढ़ की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से मरीजों को बेहतर उपचार वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर आई.एम.ए.रायगढ़ के अध्यक्ष डॉ. प्रभात पटेल, सचिव डॉ. राज कुमार गुप्ता, डॉ.टी.के. साहू, डॉ.एल.सोनी, डॉ.अनिल हरिप्रिया, डॉ.सविता अहिरवाल, डॉ.दिनेश पटेल, डॉ.प्रवीण जांगड़े, डॉ.अखिलेश बेहरा सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे। आई.एम.ए. रायगढ़ के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखेगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



**मोहला 19 फरवरी ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कलेक्टोरेट के वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डीएफओ श्री दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भूआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव, आदिवासी विकास, फॉरेस्ट, सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

बैठक में उन्होंने रबी फसलों के डीएससी सर्वे की प्रगति, भू-अर्जन प्रकरणों की स्थिति, वन अधिकार पत्र के मृत हितग्राहियों के नामांतरण, अविवादित एवं विवादित नामांतरण-बंटवारा प्रकरण, सीमांकन कार्य, स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों तथा अभिलेख शुद्धता अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में दस्तावेजी कमी या तकनीकी अड़चनें हैं, उन्हें शीघ्र दूर कर कार्यवाही पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को राजस्व से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसके लिए प्रत्येक अधिकारी अपने स्तर पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर प्राथमिकता तय की जाए तथा समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने यह भी निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना एवं अभिलेख शुद्धता से संबंधित कार्यों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि भविष्य में भूमि संबंधी विवादों में कमी लाई जा सके। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की मंशानुसार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें तथा प्रत्येक प्रकरण का निराकरण पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

### संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**महासमुंद, 19 फरवरी ।** संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में 30 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इस संपूर्ण अभियान के लिए संबंधित विभाग प्रमुख नोडल अधिकारी होंगे। अभियान के तहत 30 जनवरी को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं स्वच्छता संबंधी प्रमुख संकेतकों की पूर्ण जानकारी दी गई। इसी तरह 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर जांच, टीबी, मलेरिया, एवं एनीमिया जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 फरवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी स्कूलों में बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसी तरह 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में विज्ञान प्रदर्शनी एवं स्वच्छता, हाथ धुलाई एवं पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विशेष पोषण अभियान, किशोरी बालिकाओं के लिए आयरन सप्लीमेंट एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में पशुपालन विभाग द्वारा प्शु टीकाकरण एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीएचई विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में पेयजल गुणवत्ता जांच एवं जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## आवास योजना में भ्रष्टाचार गरीब हितग्राहियों के अधिकार पर कुठाराघात : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पीएम आवास के नाम शासन-प्रशासन द्वारा लूटी जा रही वाहवाही को जमीनी हकीकत के विपरीत बताते हुए भाजपा सरकार के कृत्य को जनविरोधी कहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले को पीएम आवास पूर्णता में द्वितीय स्थान मिलने और राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बावजूद, जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत नज़र आ रही है। अधूरे मकानों को कई जगहों पर रोजगार सहायकों और सचिवों ने बिना छत या प्लास्टर के ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्ण बताकर सरकारी राशि निकाल ली है, जबकि लोग आज भी कच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा लाभार्थियों ने सरपंच और सचिवों पर पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। पात्र हितग्राही अपना मकान पाने के लिए भटक रहे हैं। जबकि, अनेक जगहों पर पहले से बने मकानों को पीएम आवास बताकर राशि निकाली जा रही है, जिससे पात्र हितग्राही इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

पूर्व संसदीय सचिव ने बताया कि इस योजना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी जिला महासमुंद में ही हुआ है। 2 हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा निकालकर एक ही आवास बनाये गये हैं। योजना के मापदंड का पालन कहीं भी नहीं हो रहा है, कई ग्रामों के ग्राम सभाओं में भी आम जनता द्वारा आपत्ति दर्ज करायी गई है। पहली किश्त हितग्राहियों को देकर दूसरी किश्त देना सरकार भूल जा रही है, जिससे हितग्राहियों द्वारा पुराने मकान को तोड़कर केवल दीवाल ही खड़ी किये हैं। स्वयं हितग्राही खुले आसमान में सोने को मजबूर हैं। इसी कारण बहुतायत पीएम आवास अधूरे पड़े हैं।

### जिले के 455 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण सुचारू से जारी

**महासमुंद 19 फरवरी ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के वर्तमान स्थिति के संबंध में खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि जिला महासमुंद में कुल 593 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मिलाकर 455 दुकानों (लगभग 76 प्रतिशत) में राशन वितरण का कार्य सुचारू रूप से जारी है।उन्होंने बताया कि जिन दुकानों में वितरण प्रारंभ हो चुका है, वहां फरवरी एवं मार्च 2026 माह का खाद्यान्न पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड में ई-पॉस मशीन के माध्यम से प्रदर्शित हो रहा है। 18 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले के 99,908 राशनकार्डों में से लगभग 28.29 प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह जिले की 593 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 468 दुकानों (लगभग 78 प्रतिशत) में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा खाद्यान्न का भंडारण किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि पूर्व में जिले में 12 ऑफलाइन उचित मूल्य दुकानें संचालित थीं।


### नाम परिवर्तन

मैं नवीन भटनागर पिता स्व. श्री आर.एस. भटनागर जाति कायस्थ लखन शर्मा कालोनी सुभाष वार्ड भाटापारा, तह. भाटापारा, जि. बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का निवासी हूं।

मुझ शपथकर्ता के द्वारा अपनी पुत्री के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया गया था जिसका खाता संख्या 8486445700 है। जिसका मुझे पोस्ट आफिस भाटापारा से पासबुक भी प्रदान किया गया है, इस पासबुक में मेरी पुत्री का नाम 'वाणी भटनागर' दर्ज हुआ है। पूर्व में जारी कराये गये जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम 'वाणी भटनागर' दर्ज हुआ था जिसे मैंने सुधरवाकर 'अनुष्का भटनागर'दर्ज करा लिया है।

यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 2566 7662 9618 में मेरी पुत्री का नाम 'अनुष्का भटनागर' दर्ज हुआ है, यही नाम मेरी पुत्री का सहीं नाम है जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी 'अनुष्का भटनागर' नाम दर्ज हुआ है।

मैं उपरोक्त सुकन्या समृद्धि योजना खाता में पुत्री का नाम 'वाणी भटनागर' के स्थान पर अपनी पुत्री का नाम 'अनुष्का भटनागर' नाम दर्ज कराना चाहता हूं ताकि प्रदत्त पासबुक एवं पोस्ट आफिस में संधारित रिकार्ड में समानता कायम हो सके।

**शपथकर्ता**
**नवीन भटनागर**


### अफसर की मनमानी व उदासीनता से लोकल ट्रेनों का हाल-बेहाल

# सांसदों से जनता की मांग,लोकल ट्रेनों को समय पर चलाने रेलवे से करें बात

■ लोकल ट्रेन को सही समय पर चलाने अधिकारियों को निर्देश देने सांसदों से की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 19 फरवरी।** लोकल ट्रेनों को समय पर चलवा दो सरकार यही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी लोकल ट्रेनों का हाल इतना ज्यादा खराब है कि रायपुर से भाटापारा और भाटापारा से रायपुर के बीच कभी भी लोकल राइट टाइम नहीं आती जाती होगी इसका रनिंग टाइम रेलवे के अनुसार एक घंटा 10 मिनट के आसपास है जबकि लोकल ट्रेन रायपुर से भाटापारा और भाटापारा से रायपुर के बीच दो-दो घंटा ले लेती है सवाल अपने आप में बड़ा है कि लोकल ट्रेनों में चलने वाले क्या इंसान नहीं है या यात्री नहीं है या वह लोग बिना टिकट यात्रा करते हैं रेलवे को इसका पैसा नहीं देते हैं ऐसी अनेक बातें हैं जो लोकल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री आए दिन उठते रहते हैं।

हालत यह है कि मालगाड़ी को निकालने के लिए भी लोकल ट्रेनों को खड़ा कर दिया जाता है और मालगाड़ी को निकाल दिया जाता है उसे पर तुर्रा यह रेलवे का की लोकल में हमको उतनी सवारी नहीं मिलती है लोकल ट्रेनों से हमें घाटा होता है भाई जब इतनी लेट चलाओगे तो सवारी कहां से मिलेगी। मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की क्रॉसिंग तो बेहद आम बात है लोकल में यात्रा करने वाले छोटे बड़े स्टेशनों के यात्रियों ने रायपुर लोकसभा के सांसद और बिलासपुर लोकसभा के सांसद से यह मांग की है कि वह रेलवे के अधिकारियों को इस बात के लिए विवश करें कि लोकल ट्रेन अपने निर्धारित समय पर चले।

मंगलवार को लोकल ट्रेन का एक उदाहरण मात्र दिया जा रहा है जो रायपुर से 7:20 पर चलती है जिसकी गाड़ी संख्या 58202 है वह मंगलवार को रायपुर से वी मुश्किल 5 मिनट विलंब से छुटी थी किंतु वह ट्रेन भाटापारा में रात 9:45 बजे के बाद पहुंची। इसमें विशेष बात यह है कि रायपुर से भाटापारा के बीच में इस ट्रेन को एक भी एक्सप्रेस ट्रेन ने क्रॉसिंग नहीं किया था जबकि मांडर से लियरी के आसपास इस ट्रेन को रोक करके एक मालगाड़ी को निकाला गया था अब सवाल है कि आम यात्रियों आम लोगों के समय से ज्यादा कीमत मालगाड़ियों की हो गई है क्या।

यदि लोकल ट्रेनों का समय रेलवे के रजिस्टर में चेक किया जाए की लोकल ट्रेन कब-कब राइट टाइम पर चली है तो साल में ऐसा कोई दिन मुश्किल से मिलेगा जब लोकल ट्रेन राइट टाइम चली हो। अधिकतर लेट होने के वजह से आप लोगों में आक्रोष पनपने लगा है। रायपुर से लेकर बिलासपुर के बीच में स्टेशन के नाम पर डब्लू आर एस कॉलोनी, उरकुरा, मांडर, सिलियरी, बैकुंठ तिल्दा नेवरा, हथबंद भाटापारा निपनिया दागोरी बिल्हा चकरभाटा और दाधापारा जैसे स्टेशन पढ़ते हैं इन सब स्टेशनों में लोकल ट्रेन रूकती है और काफी बड़ी संख्या में यात्री लोकल ट्रेनों में यात्रा करते हैं फिर भी रेलवे है कि अपनी मनमानी तरीके से ही लोकल ट्रेनों को चलाता है।

मालगाड़ियों को निकालने के लिए रोक दी जाती है लोकल ट्रेन माल गाड़ियों की क्रॉसिंग के लिए भी लोकल ट्रेनों को रोक दिया जाता है इससे लोकल में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहद मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि हर बार रेलवे के अधिकारी इस बात की दुहाई देते हैं कि यात्री सुविधाओं में विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है क्या इसी प्रकार का विस्तार कर रहे हैं। बॉक्स ऐसी में बैठे अधिकारी लोकल ट्रेनों के यात्रियों की मजबूरी समझें। ऐसी में बैठे रेलवे के उच्च अधिकारी लोकल ट्रेन में चलने वाले यात्रियों की मजबूरी को भी समझना चाहिए और इस बात की पूरी जानकारी लेकर आखिर लोकल ट्रेन क्यों लेट चलती है और इसे सही समय में चलाने के लिए क्या करना होगा सही समय पर चलाने के लिए उचित निर्देश जारी करने के साथ ही इसकी मॉनिटरिंग करना भी जरूरी होगा। रेलवे के अधिकारियों को आम यात्रियों की चिंता ही नहीं है ऐसा लगता है।

एक नजर

## राजशेखर पाण्डेय को नागार्जुन अवार्ड

**रायपुर, 19 फरवरी।** विश्व आयुर्वेद मिशन ने डिजिटल हेल्थ एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में



इनोवेशन का आयुर्वेद विषय पर आभासी माध्यम से वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें ब्राह्मणपारा रायपुर छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध रस शास्त्री डॉ राजशेखर पांडे एवं आयुर्वेद संकाय चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू के काय चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद ने अपने विचार साझा किये। डॉ राजशेखर पाण्डेय ने आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में डिजिटलीकरण एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बहुत उपयोगी बताया। इससे ना केवल औषधीय की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकेगी अपितु एकरूपता एवं समय की बचत भी हो सकेगी। डॉ पाण्डेय ने मेटल एंड मेटेलोफार्मास्यूटिकल्स पर प्रकाशित अपनी पुस्तक में आयुर्वेदिक मेटलर्जी के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनकी पुस्तक को इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका में स्थान भी मिला है। इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर जीएस तोमर ने डॉ राजशेखर पांडे को मिशन का 'पद्मश्री प्रोफेसर राम हर्ष सिंह स्मृति नागार्जुन अवार्ड एवं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को पद्मश्री प्रोफेसर राम हर्ष सिंह स्मृति मेरीटोरियस सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म महोत्सव का निशुल्क आयोजन 6 मार्च से

**रायपुर, 19 फरवरी।** होली के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ी सिने प्रेमियों के लिए निशुल्क फिल्मोत्सव का आयोजन छह मार्च से 12 मार्च के मध्य श्याम टाकीज रायपुर में किया जा रहा है। फिल्म प्रदर्शन में दर्शकों को रोजाना तीन सुपरहिट ब्लाक बस्टर फिल्म का आनंद लेने का निशुल्क अवसर मिलेगा। फिल्मोत्सव में पूरे परिवार के साथ दर्शक छत्तीसगढ़ी संस्कृति से फिल्म के माध्यम से अवगत होंगे। इसके साथ दर्शकों के लिए मेगा लक्की ड्रा भी रखा गया है जिसमें दर्शकों के लिए आकर्षक उपहार रखे गये हैं।

## सुप्रसिद्ध रंगकर्मी और प्राध्यापक कुंजबिहारी शर्मा का निधन

**रायपुर, 19 फरवरी।** राजधानी के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं प्राध्यापक डॉक्टर कुंजबिहारी शर्मा का हृदयाघात से दुखद निधन हो गया। वे वर्षों तक प्राध्यापक रहने के बाद रंगकर्म की ओर मुड़ गये। उन्होंने कई नाटक का निर्देशन किया। डॉ. कुंजबिहारी वर्मा पूर्वोत्तर राज्य के दौरे पर गये थे। अचानक हृदयाघात के चलते उनका निधन हो गया। डीडी निवासी कुंजबिहारी शर्मा का पार्थिव शरीर आज रायपुर लाया जा रहा है। इसके पश्चात उनका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## न बारिश न ठंड फिर भी विजिबिलिटी हुई कम

**रायपुर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में मौसम फिलहाल पूरी तरह स्थिर बना हुआ है और अगले कुछ दिनों तक इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में अगले 7 दिनों और अधिकतम तापमान में 5 दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। राजनांदगांव में 34 डिग्री के साथ सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया, जबकि अंबिकापुर 9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। प्रदेशभर में मौसम शुष्क है और कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है। राजधानी रायपुर में 19 फरवरी को सुबह हल्की धुंध छाए रहने के आसार हैं। छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम पूरी तरह स्थिर बना हुआ है। न तो बारिश के आसार हैं और न ही तापमान में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक प्रदेश का मिजाज ऐसा ही रहने वाला है। यानी फिलहाल न गर्मी बढ़ने वाली है और न ही ठंड अचानक से वापसी करेगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 7 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। वहीं अधिकतम तापमान भी अगले 5 दिनों तक लगभग स्थिर रहेगा, इसका मतलब साफहै कि अभी मौसम सामान्य रहेगा और लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी। दिन में हल्की गर्मी और रात में हल्की ठंड का असर बना रह सकता है, खासकर उत्तर छत्तीसगढ़ के इलाकों में।

# कृषि वैज्ञानिकों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रायपुर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 27 जिलों के कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले 7 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं. कृषि वैज्ञानिक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने 16 फरवरी से 5 दिवसीय प्रदर्शन कर रहे हैं. आज कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा भी आंदोलन में शामिल होंगे।कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस प्रदर्शन के बाद भी अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।




कृषि विज्ञान केंद्र में काम करने वाले कृषि वैज्ञानिक और वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हमसे 12 महीने काम लिया जाता है, लेकिन हमें केवल 10 महीने का वेतन मिलता है. हमको एनपीएस या जीपीएफ का लाभ भी नहीं मिल रहा. कृषि वैज्ञानिकों को मुताबिक पिछले डेढ़ साल से वो अपनी मांग को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन, नेता और मंत्रियों के चक्कर भी काट चुके हैं. इसके बावजूद मांगों पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है.ऐसे में परिवार का पालन पोषण करने में परेशानी हो रही है.

**विश्वविद्यालय प्रबंधन कर रहा अनदेखी:** छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले किया जा रहा है, जिसमें हमारी 7 सूत्रीय मांग है. अपनी मांगों को हमने 6 महीना पहले विश्वविद्यालय प्रबंधन के सामने रखा था. बावजूद इसके इस पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है. जिसकी वजह से हमें 5 दिनों का प्रदर्शन करना पड़ रहा है.

### सात सूत्रीय मांगें

जीपीएफ या एनपीएस की पूर्ण बहाली विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार की जाए, चिकित्सा एवं अन्य वैधानिक भत्ते सभी कर्मचारियों को समान रूप से दिया जाए, ध्रुस एवं उच्च वेतनमान योजनाएं बहाल कर निष्पक्ष करियर उन्नति सुनिश्चित की जाए, नियुक्ति आदेश एवं विश्वविद्यालय अधिनियम 1987 के अनुरूप कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों की सभी समतुल्य सेवा लाभ प्रदान किया जाए, सेवानिवृत्ति आयु तकनीकी कर्मचारियों के लिए 65 वर्ष और गैर तकनीकी के लिए 62 वर्ष निर्धारित की जाए, सेवानिवृत्ति उपरांत सभी लाभ पेंशन ग्रेच्युटी पारिवारिक पेंशन और चिकित्सा सुविधा का पूरा लाभ दिया जाए, कृषि विज्ञान केंद्र के स्टाफको पहले की तरह उच्च शिक्षा की अनुमति फ़िर से प्रदान की जाए।

# आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों के हैंडओवर के पहले होगा संयुक्त सर्वे

**रायपुर, 19 फरवरी।** राज्य शासन के आदेश व नियमावली के अनुसार नगर निगम द्वारा आरडीए और हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनियों के हैंडओवर की कार्यवाही की जाएगी। राज्य शासन द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 9 आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम को सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस पर आगे की प्रक्रिया और कार्यवाही के लिए शासन स्तर से जारी होने वाली विस्तृत नियमावली का इंतजार है। इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने पर तीनों एजेंसियां संयुक्त सर्वे कर वास्तविक स्थिति का आंकलन करेंगी।




रायपुर नगर निगम के नगर निवेशक ने बताया कि सर्वे में पेयजल आपूर्ति तंत्र, सीवरेज नेटवर्क, आंतरिक सड़कों, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों और सफाई व्यवस्था की मौजूदा हालत का तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। कई कालोनियों में 15 से 20 वर्ष पुरानी पाइपलाइन, जर्जर नालियां और खराब सड़कें हैं। हैंडओवर लेने के पहले इनका सही आंकलन जरूरी है। हैंडओवर से पहले वित्तीय भार, अतिरिक्त स्टॉफ और रखरखाव की रूपरेखा तय करना निगम के लिए अत्यावश्यक है। अधिकांश कालोनियों में जलापूर्ति की पाइपलाइन डेढ़ दशक से अधिक पुरानी है, जिनकी उपयोग अवधि लगभग समाप्ति पर है। हैंडओवर के लिए शासन से आदेश व नियमावली प्राप्त होने पर कॉलोनियों की वास्तविक स्थितियों का सर्वे किया जाएगा। इसके अनुसार ही सभी कार्यवाहियां की जाएगी। अद्यतन किसी भी प्रकार का निर्देश निगम को प्राप्त नहीं हुआ है।

# उरांव हत्याकांड मामले में महंत ने लिखा मानवाधिकार आयोग को पत्र

**रायपुर, 19 फरवरी।** कुसमी के हंसपुर निवासी राम उराँव हत्याकांड मामले में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच का आग्रह किया है। वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने डॉ चरणदास महंत के पत्र का उल्लेख करते हुए कहा है कि, पत्र का स्वागत है, न्याय में देरी अन्याय के बराबर है।



नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी रामासुब्रमणियन को भेजे पत्र में आयोग से आग्रह किया है कि, सभी महत्वपूर्ण तथ्यों का पता लगाने हेतु पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच करे। पत्र में डॉ महंत ने लिखा है कि, इस विषय पर तत्काल ही विचार करने की आवश्यकता है क्योंकि इसका सीधा संबंध व्यापक जनहित और मानवाधिकार संरक्षण के निहितार्थों से है। डॉ महंत ने आयोग को याद दिलाया है कि आयोग का यह दायित्व है कि वह भारत के सभी नागरिकों के लिए न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव के इस पूरे घटनाक्रम को लेकर तीखे और तल्ख तेवर लगातार हैं। जबकि यह घटना हुई थी तो सिंहदेव ने कहा था - छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी समुदाय से आने वाले नेता मुख्यमंत्री जी को प्रदेश की ज़िम्मेदारी सौंपी गई।राज्य में, और ख़ासकर मुख्यमंत्री जी के अपने ही क्षेत्र में आदिवासियों कि यह हालत है कि, पीट पीट कर उनकी जान ले ली जा रही है, यह बेहद शर्मनाक और अस्वीकार्य है। अब जबकि नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर जांच की मांग की है तो टी एस सिंहदेव ने इस पत्र का स्वागत करते हुए कहा है - आदिवासियों पर हुई बर्बर कार्यवाही और एक व्यक्ति की मौत मूलनिवासियो की सुरक्षा पर बड़ा सवाल हैज्अवैध खनन प्रशासन की शह पर चलने और आदिवासियों पर अत्याचार ये सब एक ही सिस्टम फैल्योर कि कड़ियाँ हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के इस पत्र को केवल इस स्वरुप में देखना गलत या कि कमतर हो सकता है कि, एक घटना की जांच का आग्रह है। यह पत्र राज्य सरकार की निष्पक्ष जांच की मंशा पर सवाल खड़ा कर रहा है। यह पत्र आदिवासियों को लेकर राज्य के मौजूदा नीति निर्धारकों पर भी सधे तरीके से सवाल उठा रहा है कि राज्य में ना तो न्याय सुनिश्चित है और ना ही विधि के शासन पर सार्वजनिक विश्वास है।

# वार्षिकोत्सव छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने का माध्यम है : संजय

रायपुर। महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज रायपुर का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। इस मौके पर नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उत्सव का शुभारंभ संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। यह उत्सव कॉलेज के छात्रों और विभिन्न विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।



मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा यह उत्सव सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और नेतृत्व कौशल को उजागर करने का अवसर मिलता है। छात्रों में नई ऊर्जा का संचार करने और उन्हें अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा किए यह देखना अद्भुत है कि कॉलेज न केवल शिक्षा प्रदान कर रहा हैए बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में भी योगदान दे रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# पेसा कानून के तहत ग्राम सभा के अधिकारों को सही नहीं मानती भाजपा सरकार : बैज



**रायपुर, 19 फरवरी** छत्तीसगढ़ में पेसा कानून के अंतर्गत गांव की सीमा में प्रवेश को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में सरकार पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पेसा कानून के तहत ग्राम सभा के अधिकार को सहीं माना है, लेकिन भाजपा सरकार की कृत्यों से स्पष्ट है कि वह नहीं मानती, पांचवी अनुसूची के क्षेत्र बस्तर और सरगुजा में जहां पर पेसा कानून लागू है, उन क्षेत्रों में बिना ग्राम सभा की सहमति के वनों की कटाई निर्बाध चालू है, कॉरपोरेट के मुनाफे के लिए जबरिया भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है, आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन और पेसा कानून के प्रावधानों के सही क्रियान्वयन के लिए लगातार संघर्ष कर रहे। सरकार एक तरफपंचायत विभाग के माध्यम से गांव में प्रवेश को लेकर पेसा के प्रावधान को लेकर तो सहमति जताती है, लेकिन संसाधनों की लूट में उन्हीं ग्राम सभा के आपत्तियों को कुचलकर उनके अधिकार छीनने का काम सरकार खुद ही कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय 8 अगस्त 2022 को छत्तीसगढ़ में पेसा कानून के नियम लागू किए गए, देवगुड़ी, घोटूल सहित तमाम धार्मिक, सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन के काम हुए। भाजपा की सरकार आने के बाद ग्राम सभा की स्वायत्तता को सीमित करके कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सत्ता के संरक्षण में सरकारी अधिकारी नियम तोड़ रहे हैं, अनुसूचित क्षेत्र के नागरिकों के साथ संवैधानिक भेदभाव किया जा रहा है।

# मौदहापारा संडे बाजार के सभी व्यापारियों को पहचान पत्र रखना अनिवार्य

**रायपुर, 19 फरवरी।** राजधानी शहर रायपुर में लगाया जाने वाला मौदहापारा संडे बाजार हेतु सभी व्यापारियो को पहचान पत्र अपने पास रखना अनिवार्य कर दिया गया है।

स्थानीय व्यापारियो को बाजार में व्यापार करने की अनुमति दी जायेगी। मौदहापारा संडे बाजार राजधानी शहर में केके मार्ग मौदहापारा में पुलिस थाना के सामने से मौदहापारा मस्जिद के सामने तक मार्ग के किनारे सफेद रोड़ मार्किंग के भीतर लगाया जायेगा। मौदहापारा संडे बाजार साप्ताहिक रूप से नई व्यवस्था के अंतर्गत सुबह 10 बजे तक लगाया जा सकेगा। मौदहापारा संडे बाजार में आने वाले नागरिको के लिए वाहन पार्किंग स्थल दुर्गा कालेज के समीप महाबीर गौशाला काम्पलेक्स को निर्धारित किया गया है। सडक पर सामान रखना संडे बाजार में व्यापारियो के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देशानुसार नगर निगम नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, नगर निवेशक आभास मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू, जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता नीतीश झा सहित यातायात पुलिस नगर निगम नगर निवेश विभाग, जोन 2 नगर निगम बाजार विभाग के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक मौदहापारा संडे बाजार में व्यवसाय करने वाले लगभग 100 फेरी वालो की बैठक ली।

# शांभवी सिंह को फार्मेसी में पीएचडी

**जांजगीर, 19 फरवरी।** जिले के ग्राम मुलमुला निवासी प्रयति सिंह की होनहार बेटी एवं ब्याह कर जांजगीर (तेंदुआ) आई जवाहर सिंह राणा की बहु शांभवी सिंह को अभी हाल ही में मध्य प्रदेश के मंदसौर विश्वविद्यालय मंदसौर से फार्मेसी विषय में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपने शोध कार्य के अंतर्गत ग्लूकोमा (काला मोतिया) के उपचार में एंटी ग्लूकोमा के उपचार पर महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। उनका यह शोध कार्य फॉर्मेसी क्षेत्र में विशेष योगदान माना जा रहा है तथा भविष्य में नेत्र रोगों के उपचार में सहायक सिद्ध होगा।



उल्लेखनीय है कि उनके इस शोध कार्य को पेटेंट कार्यालय भारत सरकार के द्वारा मान्यता भी प्रदान की गई है। डॉक्टर शांभवी सिंह की इस महत्वपूर्ण विषय पर शैक्षणिक उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और गौरव का वातावरण बना हुआ है। डॉ. शांभवी सिंह बचपन से ही मेधावी एवं परिश्रमी छात्रा रही हैं। वे जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा की होनहार छात्रा के रूप में जानी जाती रही हैं। अपनी लगन, समर्पण और सतत अध्ययन के बल पर उन्होंने यह प्रतिष्ठित उपाधि अर्जित की है। उनके पति श्री मुकेश सिंह राणा वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पुलिस विभाग में निरीक्षक थाना प्रभारी लोहारा के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने अपनी पत्नी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे समाज, परिवार और जिले के लिए प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के सहयोग को दिया है।

आयोजन | 28 फरवरी को इंडोर स्टेडियम में भजन क्लबिंग

# रायपुर में गूंजेगी भक्ति की नई बीट

**रायपुर, 19 फरवरी।** भक्ति अब युवाओं की नई पहचान बनकर एक नई ऊर्जा के साथ सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में भजन क्लबिंग और भक्ति से जुड़े नवाचारों की सराहना करते हुए कहा था कि जब युवा भक्ति को अपनी ऊर्जा और आधुनिक अभिव्यक्ति के साथ अपनाते हैं, तो वह संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम बन जाती है। प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा से राजधानी रायपुर में युवाओं के लिए एक अनूठा और ऐतिहासिक आध्यात्मिक-संगीत अनुभव भजन क्लबिंग के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

इस भव्य आयोजन के पोस्टर का विमोचन आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इस अवसर पर आशुतोष दुबे, अतुल श्रीवास्तव एवं आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन




युवाओं को भारतीय संस्कृति, भक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सामाजिक चेतना मंच के तत्वावधान में यह आयोजन 28 फरवरी 2026 को रायपुर इंडोर स्टेडियम में शाम 6 बजे से आयोजित होगा। इस आयोजन को छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं जनसंपर्क विभाग एवं इस्कॉन का विशेष सहयोग प्राप्त है.

कार्यक्रम के आयोजक उवल दीपक ने कहा, भजन क्लबिंग युवाओं को भक्ति से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि युवा भक्ति को आधुनिक अंदाज़ में अनुभव करें और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गर्व के साथ जुड़ें। मुख्यमंत्री जी एवं राज्य शासन के सहयोग, ढ्रुस्यष्ट्हह के आशीर्वाद और समाज के समर्थन से यह आयोजन युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक अनुभव बनेगा।

सामाजिक चेतना मंच ने प्रदेश के युवाओं, परिवारों और भक्ति-संगीत प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य और दिव्य आयोजन का हिस्सा बनें और भक्ति की इस नई ऊर्जा का अनुभव करें।

# विप्र बंधुओं ने महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया

**रायपुर, 19 फरवरी।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। निरंजन पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने भेंट के दौरान ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों को सनातन धर्म पर ज्ञान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया. प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, डॉ सुनील कुमार ओझा एवं प्रदेश सचिव राम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे. इस आध्यात्मिक और परम पावन कार्यक्रम के आयोजक परम भक्त सुशील ओझा और परिवार थे.



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26